२. ''दसहि खो, उपालि, धम्मेहि समन्नागतेन भिक्खुना सामणेरो उपट्ठापेतब्बो। कतमेहि दसहि ? इधुपालि, भिक्खु सीलवा होति ...पे०... समादाय सिक्खति सिक्खा-पदेसु; बहुस्सुतो होति ...पे०... दिट्ठिया सुप्पटिविद्धा; पातिमोक्खं खो पनस्स वित्थारेन स्वागतं होति सुविभत्तं सुप्पवत्तं सुविनिच्छितं सुत्तसो अनुब्यञ्जनसो; पटिबलो होति गिलानं उपट्ठातुं वा उपट्ठापेतुं वा; पटिबलो होति अनभिरतिं वूपकासेतुं वा वूपकासापेतुं वा; पटिबलो [N.157] होति उप्पन्नं कुक्कुच्चं धम्मतो विनोदेतुं; पटिबलो होति उप्पन्नं दिट्ठिगतं धम्मतो विवेचेतुं; पटिबलो होति अधिसीले समादपेतुं; पटिबलो होति अधिचित्ते समादपेतुं;

कराने में सर्वथा समर्थ हो; (९) जो आध्यात्मिक शान्ति प्रदान करने में सर्वथा समर्थ हो; तथा (१०) जो प्रज्ञासम्बन्धी धर्मों में लगाये रखने में सर्वथा समर्थ हो—उपालि! इन दश धर्मों से युक्त भिक्षु द्वारा ही उपसम्पदा दी जानी चाहिये।'' ●

५. निःश्रयसूत्र : : किन धर्मों से युक्त द्वारा निश्रय दिया जाना चाहिए ?

१. ''भन्ते! किन धर्मों से युक्त भिक्षु द्वारा निश्रय (आश्रय) दिया जाना चाहिये ?

२. ''उपालि! दश धर्मों से युक्त भिक्षु द्वारा ही निश्रय दिया जाना चाहिये। किन दश धर्मों से ?...पूर्ववत्...निश्रय दिया जाना चाहिये॥'' ●

*[उपरिवर्णित **उपसम्पदासूत्र** के समान ही इस सूत्र का भी हिन्दी-विस्तार कर लेना चाहिये।]*

६. श्रामणेरसूत्र : : श्रामणेर रखने वाले भिक्षु के दश धर्म

१. ''भन्ते! किन धर्मों से युक्त भिक्षु द्वारा किसी श्रामणेर को अपनी सेवा में रखना चाहिये ?''

२. ''उपालि! इन दश धर्मों से युक्त भिक्षु द्वारा ही किसी श्रामणेर को अपनी सेवा में रखना चाहिये। कौन से दश धर्म ? यहाँ उपालि...पूर्ववत्...भिक्षु द्वारा किसी श्रामणेर को अपनी सेवा में रखना चाहिये।'' ●

पटिबलो होति अधिपञ्ञाय समादपेतुं। इमेहि खो, उपालि, दसहि धम्मेहि समन्नागतेन भिक्खुना सामणेरो उपट्ठापेतब्बो'' ति॥ ●

७. सङ्घभेदसुत्तं : १. '' 'सङ्घभेदो सङ्घभेदो' ति, भन्ते, वुच्चति। कित्तावता नु खो, भन्ते, सङ्घो भिन्नो होती'' ति?

२. ''इधुपालि, भिक्खू अधम्मं धम्मो ति दीपेन्ति, धम्मं अधम्मो ति दीपेन्ति, अविनयं विनयो ति दीपेन्ति, विनयं अविनयो ति दीपेन्ति, अभासितं अलपितं [R.74] तथागतेन भासितं लपितं तथागतेना ति दीपेन्ति, भासितं लपितं तथागतेन अभासितं अलपितं तथागतेना ति दीपेन्ति, अनाचिण्णं तथागतेन आचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, आचिण्णं तथागतेन अनाचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, अपञ्ञत्तं तथागतेन पञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति, पञ्ञत्तं तथागतेन अपञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति। ते इमेहि दसहि वत्थूहि अवकस्सन्ति अपकस्सन्ति अवेनि कम्मानि करोन्ति अवेनि पातिमोक्खं उद्दिसन्ति। एत्तावता खो, उपालि, सङ्घो भिन्नो होती'' ति॥ ●

८. सङ्घसामग्गीसुत्तं : १. '''सङ्घसामग्गी सङ्घसामग्गी' ति, भन्ते, वुच्चति। कित्तावता नु खो, भन्ते, सङ्घो समग्गो होती'' ति? [B.315]

२. ''इधुपालि, भिक्खू अधम्मं धम्मो ति दीपेन्ति, धम्मं धम्मो ति दीपेन्ति, अविनयं अविनयो ति दीपेन्ति, विनयं विनयो ति दीपेन्ति, अभासितं अलपितं तथागतेन अभासितं

---

*[उपरिवर्णित **उपसम्पदासूत्र** के समान ही इस सूत्र का भी व्याख्यान है।]*

७. सङ्घभेदसूत्र : : दश धर्मों से सङ्घ की एकता का नाश

१. ''भन्ते! (समय-समय पर किये गये धर्मप्रवचनों में) 'सङ्घभेद' 'सङ्घभेद'—ऐसा कहा जाता है, भन्ते! यह 'सङ्घभेद' कैसे होता है?

२. ''यहाँ, उपालि! जो भिक्षु (१) अधर्म को 'धर्म है'—ऐसा बताते हैं, (२) धर्म को 'अधर्म है'—ऐसा बताते हैं, (३) अविनय को 'विनय है'—ऐसा...(४) विनय को 'अविनय है'—ऐसा ; (५) तथागत द्वारा अकथित अचर्चित को 'तथागत द्वारा कथित है, चर्चित है'—ऐसा; (६) तथागत द्वारा कथित चर्चित को 'तथागत द्वारा अकथित है, अचर्चित है'—ऐसा; (७) तथागत द्वारा अनभ्यस्त को 'तथागत द्वारा अभ्यस्त है'—ऐसा; (८) तथागत द्वारा अभ्यस्त को 'तथागत द्वारा अनभ्यस्त है'—ऐसा; (९) तथागत द्वारा अप्रज्ञप्त को 'तथागत द्वारा प्रज्ञप्त है'—ऐसा, तथा (१०) तथागत द्वारा प्रज्ञप्त को 'तथागत द्वारा अप्रज्ञप्त है'—ऐसा बताते हैं। वे इन दश विधियों से धर्म को अपने अनुकूल कहते रहते हैं, धार्मिक कृत्य एवं प्रातिमोक्ष का उद्देश भी परम्परा से हटकर विशेष रूप से करते हैं। इतनी बातों से उपालि! सङ्घ की एकता नष्ट होती है॥'' ●

८. सङ्घसामग्रीसूत्र : : दश विधियों से सङ्घ की एकता

१. ''भन्ते! 'सङ्घसामग्री' 'सङ्घसामग्री'—ऐसा बहुत कहा जाता है, भन्ते! यह सङ्घसामग्री (सङ्घ की एकता) कितने से होती है?

२. ''यहाँ भिक्षु जब कोई भिक्षु (१) अधर्म को अधर्म ही, (२) धर्म को धर्म ही,

अलपितं तथागतेना ति दीपेन्ति, भासितं लपितं तथागतेन भासितं लपितं तथागतेना ति दीपेन्ति, अनाचिण्णं तथागतेन अनाचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, आचिण्णं तथागतेन [N.158] आचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, अपञ्ञत्तं तथागतेन अपञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति, पञ्ञत्तं तथागतेन पञ्ञत्तं तथागतेन पञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति। ते इमेहि दसहि वत्थूहि न अवकस्सन्ति न अपकस्सन्ति न आवेनि कम्मानि करोन्ति न आवेनि पातिमोक्खं उद्दिसन्ति। एत्तावता खो, उपालि, सङ्घो समग्गो होती'' ति॥

[R.75] **९. पठमआनन्दसुत्तं :** १. अथ खो आयस्मा आनन्दो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—'' 'सङ्घभेदो सङ्घभेदो' ति, भन्ते, वुच्चति। कित्तावता नु खो, भन्ते, सङ्घो भिन्नो होती'' ति?

२. ''इधानन्द, भिक्खू अधम्मं धम्मो ति दीपेन्ति, धम्मं अधम्मो ति दीपेन्ति, अविनयं विनयो ति दीपेन्ति ...पे०... पञ्ञत्तं तथागतेन अपञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति। ते इमेहि दसहि वत्थूहि अवकस्सन्ति अपकस्सन्ति आवेनि कम्मानि करोन्ति आवेनि पातिमोक्खं उद्दिसन्ति।

३. ''समग्गं पन, भन्ते, सङ्घं भिन्दित्वा किं सो पसवती'' ति?

''कप्पट्ठिकं, आनन्द, किब्बिसं पसवती'' ति।

---

(३) अविनय को अविनय ही, (४) विनय को विनय ही, (५) तथागत द्वारा अभाषित अचर्चित को तथागत द्वारा अभाषित अचर्चित ही, (६) तथागत द्वारा भाषित चर्चित ही, (७) तथागत द्वारा अनभ्यस्त को तथागत द्वारा अनभ्यस्त ही, (८) तथागत द्वारा अभ्यस्त को तथागत द्वारा अभ्यस्त ही, (९) तथागत द्वारा अप्रज्ञप्त को तथागत द्वारा अप्रज्ञप्त ही तथा (१०) तथागत द्वारा प्रज्ञप्त को तथागत द्वारा प्रज्ञप्त ही कहते हैं तो वे इन १० विधियों से धर्म को न अपने अनुकूल (अपनी ओर) खींचते हैं और न कोई धार्मिक कृत्य या प्रातिमोक्ष का पाठ ही परम्पराबाह्य विधि से करते हैं। इतनी बातों से, उपालि! सङ्घ में एकता होती है॥''

९. प्रथम आनन्दसूत्र : : सङ्घ की अनेकता का कुफल

१. तब आयुष्मान् आनन्द भगवान् के सम्मुख पहुँचे...। पहुँचकर भगवान् से यह जिज्ञासा की—''भन्ते! (धर्मचर्चा में) सङ्घभेद, सङ्घभेद—ऐसा बहुत बार कहा जाता है। यह सङ्घभेद कैसे होता है?''

२. ''यहाँ, आनन्द! अनेक भिक्षु अधर्म को ही धर्म बताने लगते हैं तथा धर्म को अधर्म, तथा अविनय को विनय बताने लगते हैं और विनय को अविनय...पूर्ववत्...तथागत द्वारा प्रज्ञप्त को तथागत द्वारा अप्रज्ञप्त बताने लगते हैं। वे इन दश विधियों से धर्म को पीछे ढकेलते हैं, आगे नहीं बढ़ने देते। तथा परम्परा से हटकर अपनी मनोनुकूल विधि से धार्मिक कृत्य एवं प्रातिमोक्षपाठ सम्पन्न करने लगते हैं। इन कृत्यों से सङ्घ में फूट (अनेकता) उत्पन्न होती है।

३. ''भन्ते! इस सङ्घ की एकता को नष्ट करने का क्या फल मिलता है?''

"किं पन, भन्ते, कप्पट्ठिकं किब्बिसं" ति?

"कप्पं, आनन्द, निरयम्हि पच्चती ति—

"आपायिको नेरयिको, कप्पट्ठो सङ्घभेदको। [R.76]
वग्गरतो अधम्मट्ठो, योगक्खेमा पधंसति।
सङ्घं समग्गं भिन्दित्वा, कप्पं निरयम्हि पच्चती" ति॥ ●

१०. दुतियआनन्दसुत्तं : १. "'सङ्घसामग्गी सङ्घसामग्गी' ति, भन्ते, [B.316] वुच्चति। कित्तावता नु खो, भन्ते, सङ्घो समग्गो होती" ति?

२. "इधानन्द, भिक्खू अधम्मं अधम्मो ति दीपेन्ति, धम्मं धम्मो ति [N.159] दीपेन्ति, अविनयं अविनयो ति दीपेन्ति, विनयं विनयो ति दीपेन्ति, अभासितं अलपितं तथागतेन अभासितं अलपितं तथागतेना ति दीपेन्ति, भासितं लपितं तथागतेन भासितं लपितं तथागतेन ति दीपेन्ति, अनाचिण्णं तथागतेन अनाचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, आचिण्णं तथागतेना आचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, अपञ्ञत्तं तथागतेन अपञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति, पञ्ञत्तं तथागतेन पञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति। ते इमेहि दसहि वत्थूहि न अवकस्सन्ति न अपकस्सन्ति न आवेनि कम्मानि करोन्ति न आवेनि पातिमोक्खं उद्दिसन्ति। एत्तावता खो, आनन्द, सङ्घो समग्गो होती" ति॥

३. "भिन्नं पन, भन्ते, सङ्घं समग्गं कत्वा किं सो पसवती" ति?

"ब्रह्मं, आनन्द, पुञ्ञं पसवती" ति।

"आनन्द! वह कल्प-पर्यन्त पापफल भोगता है।"

"भन्ते! यह कल्पपर्यन्त पापफल क्या होता है?"

"आनन्द! उसका कल्पपर्यन्त नरक में वास होता है।

"ऐसा यह सङ्घभेदक कल्पपर्यन्त किसी दुर्गतिमय नरक में गिरा रहता है। जो सङ्घ के वर्गवाद (भेद) में लगा रहता है, अधर्म में स्थित है, वह अपने योगक्षेम से च्युत हो जाता है॥

"परन्तु सङ्घ में फूट डाल कर तो वह कल्पपर्यन्त नरक में ही पड़ा रहता है॥" ●

१०. द्वितीय आनन्दसूत्र : : सङ्घसामग्री का सुफल

१. "भन्ते! (धर्मचर्चा में) सङ्घसामग्री, सङ्घसामग्री—ऐसा अनेक बार कहा जाता है। किस प्रकार सङ्घ में यह एकता (सामग्री) आती है?"

२. "यहाँ, आनन्द! अनेक भिक्षु अधर्म को अधर्म ही बताते हैं, धर्म को धर्म ही बताते हैं, अविनय को अविनय ही कहते हैं, विनय को विनय ही कहते हैं...पूर्ववत्...तथागत द्वारा प्रज्ञप्त (उपदिष्ट) को तथागत द्वारा प्रज्ञप्त ही कहते हैं। इस प्रकार वे इन दश विधियों से धर्म को पीछे नहीं ढकेलते, आगे ही बढ़ाते हैं। तथा परम्परा त्याग कर अपनी मनोनुकूल विधि से कोई धार्मिक कृत्य या प्रातिमोक्ष पाठ नहीं करते—इन सत्कृत्यों से सङ्घ में समग्रता (एकता) ही रहती है।

३. "भन्ते! मतभिन्न सङ्घ में एकता उत्पन्न करने वाले को क्या फल मिलता है?"

"आनन्द! उसको इसके फलस्वरूप ब्राह्म सुख प्राप्त होता है।"

"किं पन, भन्ते, ब्रह्मं पुञ्ञं" ति?

"कप्पं, आनन्द, सग्गम्हि मोदती ति—

[R.77] "सुखा सङ्घस्स सामग्गी, समग्गानं च अनुग्गहो।
समग्गरतो धम्मट्ठो, योगक्खेमा न धंसति।
सङ्घं समग्गं कत्वान, कप्पं सग्गम्हि मोदती" ति॥ ●

उपालिवग्गो चतुत्थो॥

तस्सुद्दानं

उपालि ठपना उब्बाहो, उपसम्पदनिस्सया।
सामणेरो च द्वे भेदा, आनन्देहि परे दुवे ति॥ ●

५. अक्कोसवग्गो

१. विवादसुत्तं : १. अथ खो आयस्मा उपालि येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा [B.317] उपालि भगवन्तं एतदवोच—

[N.160] २. "को नु खो, भन्ते, हेतु को पच्चयो, येन सङ्घे भण्डनकलहविग्गहविवादा उप्पज्जन्ति, भिक्खू च न फासु विहरन्ती" ति?

"भन्ते! यह ब्राह्मसुख क्या होता है?"

"आनन्द! वह कल्पपर्यन्त स्वर्ग में सुख भोगता है।"

"सङ्घ की एकता ही सुखप्रद होती है। सङ्घ में एकताबद्ध रहनेवाले पर तथागत का अनुग्रह होता है। एकताबद्ध एवं धर्मरत भिक्षु का योगक्षेम विनष्ट नहीं होता। सङ्घ को एकताबद्ध कर भिक्षु कल्पपर्यन्त स्वर्ग सुख भोगता है॥" ●

उपालिवर्ग चतुर्थ सम्पन्न॥

इस वर्ग (में व्याख्यात सूत्रों) की सूची

१. उपालिसूत्र, २. प्रातिमोक्षस्थगनसूत्र, ३. उद्वाहिकासूत्र, ४. उपसम्पदासूत्र, ५. निश्रयसूत्र, ६. श्रामणेरसूत्र, ७. सङ्घभेदसूत्र, ८. सङ्घसामग्रीसूत्र, ९. प्रथम आनन्दसूत्र, १०. द्वितीय आनन्दसूत्र॥

५. आक्रोशवर्ग

१. विवादसूत्र : : विवाद के दश कारण

१. तब आयुष्मान् उपालि भगवान् के सम्मुख पहुँचे।...पूर्ववत्...। आयुष्मान् उपालि ने भगवान् से यह जिज्ञासा की—

३. ''इधुपालि, भिक्खू अधम्मं धम्मो ति दीपेन्ति, धम्मं अधम्मो ति दीपेन्ति, अविनयं विनयो ति दीपेन्ति, विनयं अविनयो ति दीपेन्ति, अभासितं अलपितं तथागतेन भासितं लपितं तथागतेना ति दीपेन्ति, भासितं लपितं तथागतेन अभासितं अलपितं तथागतेना ति दीपेन्ति, अनाचिण्णं तथागतेन आचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, आचिण्णं तथागतेन अनाचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, अपञ्ञत्तं तथागतेन पञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति, पञ्ञत्तं तथागतेन अपञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति। अयं खो, उपालि, हेतु [R.78] अयं पच्चयो, येन सङ्घे भण्डनकलहविग्गहविवादा उप्पज्जन्ति, भिक्खू च न फासु विहरन्ती'' ति॥

२. पठमविवादमूलसुत्तं : १. ''कति नु खो, भन्ते, विवादमूलानी'' ति?

२. ''दस खो, उपालि, विवादमूलानि। कतमानि दस? इधुपालि, भिक्खू अधम्मं धम्मो ति दीपेन्ति, धम्मं अधम्मो ति दीपेन्ति, अविनयं विनयो ति दीपेन्ति, विनयं अविनयो ति दीपेन्ति, अभासितं अलपितं तथागतेन भासितं लपितं तथागतेना ति दीपेन्ति, भासितं लपितं तथागतेन अभासितं अलपितं तथागतेना ति दीपेन्ति, अनाचिण्णं तथागतेन आचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, आचिण्णं तथागतेन अनाचिण्णं तथागतेना ति दीपेन्ति, अपञ्ञत्तं तथागतेन पञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति, पञ्ञत्तं तथागतेन अपञ्ञत्तं तथागतेना ति दीपेन्ति। इमानि खो, उपालि, दस विवादमूलानी'' ति॥

३. दुतियविवादमूलसुत्तं : १. ''कति नु खो, भन्ते, विवादमूलानी'' ति?

२. ''दस खो, उपालि, विवादमूलानि। कतमानि दस? इधुपालि, भिक्खू अनापत्तिं आपत्ती ति दीपेन्ति, आपत्तिं अनापत्ती ति दीपेन्ति, लहुकं आपत्तिं गरुकापत्ती ति दीपेन्ति,

---

२. ''भन्ते! वह कौन हेतु या प्रत्यय है, जिससे सङ्घ में झगड़ा, कलह, विवाद, विग्रह (फूट) होते हैं, तथा भिक्षु सुख-सुविधापूर्वक साधना नहीं कर पाते?''

३. ''यहाँ, उपालि! जब कुछ भिक्षु अधर्म को धर्म बताने लगते हैं, धर्म को अधर्म बताने लगते हैं...पूर्ववत्...तथागत द्वारा प्रज्ञप्त को तथागत द्वारा अप्रज्ञप्त बताने लगते हैं। उपालि! यह हेतु या यह प्रत्यय है, जिससे सङ्घ में झगड़ा, कलह, विग्रह, विवाद होते हैं। तब भिक्षु भी सुखसुविधापूर्वक साधना नहीं कर पाते॥''

२. प्रथम विवादमूलसूत्र : : दश विवादमूल

१. ''उपालि! दश विवाद के मूल (जड़) हैं। कौन से दश? यहाँ, उपालि! कुछ भिक्षु अधर्म को धर्म तथा धर्म को अधर्म घोषित कर देते हैं, अविनय को विनय एवं विनय को अविनय घोषित करते हैं...पूर्ववत्...तथागत के प्रज्ञप्त को तथागत द्वारा अप्रज्ञप्त घोषित कर देते हैं। उपालि! ये दश बातें विवादमूलक होती हैं॥''

३. द्वितीय विवादमूलसूत्र : : दूसरे दश विवादमूल

१. ''भन्ते! विवादमूल कितने होते हैं?

२. ''उपालि! यहाँ ये दश विवादमूल होते हैं। कौन से दश? उपालि! यहाँ कोई भिक्षु

गरुकं आपत्तिं लहुकापत्ती ति दीपेन्ति, दुट्ठुल्लं आपत्तिं अदुट्ठुल्लापत्ती ति दीपेन्ति, अदुट्ठुल्लं [N.161] आपत्तिं दुट्ठुल्लापत्ती ति दीपेन्ति, सावसेसं आपत्तिं अनवसेसापत्ती ति दीपेन्ति, [R.79] अनवसेसं आपत्तिं सावसेसापत्ती ति दीपेन्ति, सप्पटिकम्मं आपत्तिं अप्पटिकम्मापत्ती ति दीपेन्ति, अप्पटिकम्मं आपत्तिं सप्पटिकम्मापत्ती ति दीपेन्ति। इमानि खो, उपालि, दस विवादमूलानी'' ति॥ ●

४. कुसिनारसुत्तं : १. एकं समयं भगवा कुसिनारायं विहरति बलिहरणे वनसण्डे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''भिक्खवो'' ति। ''भदन्ते'' ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

२. ''चोदकेन, भिक्खवे, भिक्खुना परं चोदेतुकामेन पञ्च धम्मे अज्झत्तं पच्चवेक्खित्वा पञ्च धम्मे अज्झत्तं उपट्ठापेत्वा परो चोदेतब्बो। कतमे पञ्च धम्मा अज्झत्तं पच्चवेक्खितब्बा? चोदकेन, भिक्खवे, भिक्खुना परं चोदेतुकामेन एवं पच्चवेक्खितब्बं— 'परिसुद्धकायसमाचारो नु खोम्हि, परिसुद्धेनम्हि कायसमाचारेन समन्नागतो अच्छिद्देन अप्पटिमंसेन। संविज्जति नु खो मे एसो धम्मो उदाहु नो' ति? नो चे, भिक्खवे, भिक्खु परिसुद्धकायसमाचारो होति परिसुद्धेन कायसमाचारेन समन्नागतो अच्छिद्देन अप्पटिमंसेन, तस्स भवन्ति वत्तारो—'इङ्घ ताव आयस्मा कायिकं सिक्खस्सू' ति, इतिस्स भवन्ति वत्तारो।

३. ''पुन च परं, भिक्खवे, चोदकेन भिक्खुना परं चोदेतुकामेन एवं पच्चवेक्खि-

---

अनापत्ति को आपत्ति बतावे तथा आपत्ति को अनापत्ति, छोटी आपत्ति को गुरु (बड़ी) आपत्ति बतावे तथा गुरु आपत्ति को छोटी आपत्ति, दौष्ठुल्य (फूहड़) आपत्ति को अदौष्ठुल्य आपत्ति बतावे तथा अदौष्ठुल्य आपत्ति को दौष्ठुल्य आपत्ति, सावशेष आपत्ति को निरवशेष आपत्ति बतावे तथा निरवशेष आपत्ति को सावशेष आपत्ति, सप्रतिकर्म आपत्ति को अप्रतिकर्म आपत्ति बतावे तथा अप्रतिकर्म आपत्ति को सप्रतिकर्म आपत्ति बतावे। उपालि! ये दशविध विवादमूल होते हैं॥'' ●

४. कुसिनारसूत्र : :

१. एक समय भगवान् बुद्ध कुसिनारा के बलिहरण नामक वनप्रदेश में साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को ''भिक्षुओ!'' सम्बोधन से अपने पास बुलाया। ''भन्ते!'' कहकर भिक्षु भगवान् के सम्मुख आये। भगवान् ने उनको यह उपदेश किया—

२. ''भिक्षुओ! आरोपकर्ता को दूसरे पर आरोप करने से पूर्व स्वयं अपने में इन पाँच धर्मों के विषय में विचार कर, समीक्षा कर ही दूसरे पर आरोप लगाना चाहिये। कौन से पाँच धर्मों का अपने में विचार करना चाहिये? आरोपकर्त्ता को स्वयं सोचना चाहिये—'मैं स्वयं काया से परिशुद्ध होकर परिशुद्धकाययुक्त हूँ या नहीं? मुझमें कोई आपत्तिजनक या स्पर्शजनक दोष तो नहीं है?' यदि, भिक्षुओ! वह भिक्षु स्वयं परिशुद्धकाय नहीं है और उसमें कोई आपत्तिजनक या स्पर्शजनक दोष है तो उसको लोग ऐसा कहेंगे—'अरे आयुष्मन्! पहले तुम स्वयं परिशुद्धकाय बनो।' उसके विषय में ऐसा कहने वाले लोग मिल ही जायँगे। (१)

३. ''पुन: भिक्षुओ! आरोपकर्ता को दूसरे पर आरोप करने से पूर्व अपने विषय में यह

तब्बं—'परिसुद्धवचीसमाचारो नु खोम्हि, परिसुद्धेनम्हि वचीसमाचारेन समन्नागतो अच्छिद्देन अप्पटिमंसेन। संविज्जति नु खो मे एसो धम्मो उदाहु नो' ति? नो चे, भिक्खवे, भिक्खु परिसुद्धवचीसमाचारो होति परिसुद्धेन वचीसमाचारेन समन्नागतो अच्छिद्देन अप्पटिमंसेन, तस्स भवन्ति वत्तारो—'इङ्घ ताव आयस्मा वाचसिकं सिक्खस्सू' ति, इतिस्स भवन्ति वत्तारो।

४. ''पुन च परं, भिक्खवे, चोदकेन भिक्खुना परं चोदेतुकामेन एवं [R.80] पच्चवेक्खितब्बं—'मेत्तं नु खो मे चित्तं पच्चुपट्ठितं सब्रह्मचारीसु अनाघातं। संविज्जति नु खो मे एसो धम्मो उदाहु नो' ति? नो चे, भिक्खवे, भिक्खुनो मेत्तं चित्तं पच्चुपट्ठितं होति [B.319] सब्रह्मचारीसु अनाघातं, तस्स भवन्ति वत्तारो—'इङ्घ ताव आयस्मा सब्रह्मचारीसु [N.162] मेत्तं चित्तं उपट्ठापेही' ति, इतिस्स भवन्ति वत्तारो।

५. ''पुन च परं, भिक्खवे, चोदकेन भिक्खुना परं चोदेतुकामेन एवं पच्चवेक्खितब्बं—'बहुस्सुतो नु खोम्हि सुतधरो सुतसन्निचयो, ये ते धम्मा आदिकल्याणा मज्झेकल्याणा परियोसानकल्याणा सात्थं सब्यञ्जनं केवलपरिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं अभिवदन्ति, तथारूपा मे धम्मा बहुस्सुता होन्ति धाता वचसा परिचिता मनसानुपेक्खिता दिट्ठिया सुप्पटिविद्धा। संविज्जति नु खो मे एसो धम्मो उदाहु नो' ति? नो चे, भिक्खवे, भिक्खु बहुस्सुतो होति सुतधरो सुतसन्निचयो, ये ते धम्मा आदिकल्याणा मज्झेकल्याणा परियोसानकल्याणा सात्थं सब्यञ्जनं केवलपरिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं अभिवदन्ति, तथारूपास्स धम्मा बहुस्सुता होन्ति धाता वचसा परिचिता मनसानुपेक्खिता दिट्ठिया सुप्पटिविद्धा, तस्स भवन्ति वत्तारो—'इङ्घ ताव आयस्मा आगमं परियापुणस्सू' ति, इतिस्स भवन्ति वत्तारो।

समीक्षा कर लेनी चाहिये—''मैं वाणी से शुद्ध हूँ या नहीं, मेरी वाणी में कोई आपत्तिजनक या स्पर्शजनक दोष तो नहीं है? क्या मैं ऐसा हूँ या नहीं?' यदि, भिक्षुओ! वह भिक्षु वाणी से परिशुद्ध नहीं है तो लोग उसको यह कहने लगेंगे—'अरे आयुष्मन्! पहले अपनी वाणी को शुद्ध करो! तब किसी अन्य पर आरोप लगाना।' उसको ऐसा कहने वाले लोग भी मिल ही जायँगे। (२)

४. ''पुनः, भिक्षुओ! दूसरों पर आरोपकर्त्ता भिक्षु को अपने विषय में भी यह समीक्षा कर लेनी चाहिये—'मैं अपने सब्रह्मचारियों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करता हूँ कि नहीं, मुझमें यह धर्म है कि नहीं?' यदि उस भिक्षु का अपने सब्रह्मचारियों के साथ मैत्रीभाव नहीं है तो लोग उसके विषय में यह कहने लगेंगे—'अरे आयुष्मन्! तुम पहले अपना चित्त सब्रह्मचारियों के लिये मैत्रीभावयुक्त बनाओ।' ऐसा कहने वाले लोग भी मिल ही जायँगे। (३)

५. ''पुनः, भिक्षुओ! दूसरों पर आरोपकर्ता भिक्षु को पहले अपने विषय में यह समीक्षा कर लेनी चाहिये—'मैं बहुश्रुत, श्रुतधर या श्रुतसन्निचयकर्ता हूँ कि नहीं? क्या मुझमें वे धर्म हैं जो आदिकल्याण ...पूर्ववत्... दृष्टि से सुप्रतिविद्ध हों?' यदि वह भिक्षु बहुश्रुत... सुप्रतिविद्ध न हो तो

६. ''पुन च परं, भिक्खवे, चोदकेन भिक्खुना परं चोदेतुकामेन एवं पच्च-वेक्खितब्बं—'उभयानि खो पन मे पातिमोक्खानि वित्थारेन स्वागतानि होन्ति सुविभत्तानि सुप्पवत्तीनि सुविनिच्छितानि सुत्तसो अनुब्यञ्जनसो। संविज्जति नु खो मे एसो धम्मो उदाहु [R.81] नो' ति? नो चे, भिक्खवे, भिक्खुनो उभयानि पातिमोक्खानि वित्थारेन स्वागतानि होन्ति सुविभत्तानि सुप्पवत्तीनि सुविविच्छतानि सुत्तसो अनुब्यञ्जनसो, 'इदं पनायस्मा, कत्थ वुत्तं भगवता' ति, इति पुट्ठो न सम्पायिस्सति। तस्स भवन्ति वत्तारो—'इङ्घ ताव आयस्मा विनयं सिक्खस्सू' ति, इतिस्स भवन्ति वत्तारो। इमे पञ्च धम्मा अज्झत्तं पच्चवेक्खितब्बा।

७. ''कतमे पञ्च धम्मा अज्झत्तं उपट्ठापेतब्बा? 'कालेन वक्खामि, नो अकालेन; भूतेन वक्खामि, नो अभूतेन; सण्हेन वक्खामि, नो फरुसेन; अत्थसंहितेन वक्खामि, नो अनत्थसंहितेन; मेत्तचित्तो वक्खामि, नो दोसन्तरो' ति—इमे पञ्च धम्मा अज्झत्तं उपट्ठापे-[N.163] तब्बा। चोदकेन, भिक्खवे, भिक्खुना परं चोदेतुकामेन इमे पञ्च धम्मे अज्झत्तं पच्चवेक्खित्वा इमे पञ्च धम्मे अज्झत्तं उपट्ठापेत्वा परो चोदेतब्बो'' ति॥ ●

५. राजन्तेपुरप्पवेसनसुत्तं : १. ''दसयिमे, भिक्खवे, आदीनवा राजन्तेपुरप्प-[B.320] वेसने। कतमे दस? इध, भिक्खवे, राजा महेसिया सद्धिं निसिन्नो होति। तत्र भिक्खु पविसति। महेसी वा भिक्खुं दिस्वा सितं पातुकरोति, भिक्खु वा महेसिं दिस्वा सितं पातुकरोति। तत्थ रञ्ञो एवं होति—'अद्धा इमेसं कतं वा करिस्सन्ति वा' ति! अयं, भिक्खवे, पठमो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

लोग उसको यही कहने लगेंगे—'अरे आयुष्मन्! पहले तुम स्वयं बहुश्रुत बनो, शास्त्र पढ़ो।' ऐसा कहने वाले लोग भी मिल ही जायँगे। (४)

६. ''पुन:, भिक्षुओ! दूसरों पर आरोपकर्त्ता भिक्षु को पहले अपने विषय में यह समीक्षा कर लेनी चाहिये—'मुझको दोनों प्रातिमोक्ष विस्तार से हृदयङ्गम हैं या नहीं कि अवसर आने पर मैं उनका विस्तृत एवं विभागश: विवेचन कर सकूँ, क्या मुझमें यह धर्म है?' यदि, भिक्षुओ! वह भिक्षु इस धर्म से शून्य है तो लोग उसको यह कहने लगेंगे—'अरे आयुष्मन्! पहले तुम स्वयं प्रातिमोक्ष को विस्तार से हृदयङ्गम करो।' ऐसा कहने वाले लोग भी मिल ही जायँगे। (५)

७. कौन पाँच धर्म (बातें) स्वयं पहले मन में धारण करने चाहिये? '१. समय से ही कहूँगा, असमय (अनवसर) पर नहीं, २. सत्य (जैसा हुआ है वैसा) ही कहूँगा, असत्य (अभूत) नहीं; ३. मधुर वाणी से कहूँगा, कठोर वाणी से नहीं; ४. सार्थक ही कहूँगा निरर्थक नहीं, ५. मैत्रीभाव से कहूँगा, द्वेषभाव से नहीं'—ये पाँच धर्म पहले स्वयं मन में धारण करने चाहियें। दूसरों पर आरोपकर्त्ता भिक्षु को पहले स्वयं ये पाँच धर्म मन में बैठा लेने चाहिये; तभी दूसरों पर आरोप लगाना चाहिये॥'' (६-१०) ●

५. राजान्त:पुरप्रवेशनसूत्र : : राजकीय अन्त:पुर प्रवेश में दश दोष

१. ''भिक्षुओ! किसी भिक्षु द्वारा राजकीय अन्त:पुर प्रवेश में ये दश दोष हैं। कौन से दश? कोई भिक्षु राजा के अन्त:पुर (रानियों का महल) में प्रवेश करता है। वह वहाँ किसी रानी को

२. ''पुन च परं, भिक्खवे, राजा बहुकिच्चो बहुकरणीयो अञ्ञतरं इत्थिं गन्त्वा न सरति—'सा तेन गब्भं गण्हाति'। तत्थ रञ्ञो एवं होति—'न खो इध अञ्ञो कोचि पविसति, अञ्ञत्र पब्बजितेन। सिया नु खो पब्बजितस्स कम्मं' ति। अयं, भिक्खवे, [R.82] दुतियो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

३. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो अन्तेपुरे अञ्ञतरं रतनं नस्सति। तत्थ रञ्ञो एवं होति—'न खो इध अञ्ञो कोचि पविसति, अञ्ञत्र पब्बजितेन। सिया नु खो पब्बजितस्स कम्मं' ति। अयं, भिक्खवे, ततियो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

४. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो अन्तेपुरे अब्भन्तरा गुय्हमन्ता बहिद्धा सम्भेदं गच्छन्ति। तत्थ रञ्ञो एवं होति—'न खो इध अञ्ञो कोचि पविसति, अञ्ञत्र पब्बजितेन। सिया नु खो पब्बजितस्स कम्मं' ति। अयं, भिक्खवे, चतुत्थो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

५. ''पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो अन्तेपुरे पिता वा पुत्तं पत्थेति पुत्तो वा पितरं पत्थेति। तेसं एवं होति—'न खो इध अञ्ञो कोचि पविसति, अञ्ञत्र पब्बजितेन। सिया नु खो पब्बजितस्स कम्मं' ति। अयं, भिक्खवे, पञ्चमो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

६. ''पुन च परं, भिक्खवे, राजा नीचट्ठानियं उच्चे ठानं ठपेति। येसं तं अमनापं

देखकर मुस्करा दे, या रानी उसको देखकर मुस्करा दे। उनका यह मुस्कराना राजा देख ले तो उसको यह विचार हो—'अवश्य इन दोनों ने कुछ किया है या करने वाले हैं'। भिक्षुओ! राजकीय अन्त:पुर में प्रवेश का यह पहला दोष है। (१)

२. ''पुन:, भिक्षुओ! किसी राजा को अपनी अतिशय कार्यव्यस्तता के कारण यह स्मरण न रहे कि अमुक रानी ने उससे गर्भ धारण किया है। और वह यह सोचने लगे—'मेरे इस महल में उस प्रव्रजित के अतिरिक्त कोई प्रविष्ट नहीं होता, अवश्य ही रानी को यह गर्भ धारण कराना उस प्रव्रजित का ही कार्य है।' भिक्षुओ! राजकीय अन्त:पुर में प्रवेश का यह द्वितीय दोष है। (२)

३. ''पुन:, भिक्षुओ! राजा का कोई बहुमूल्य रत्न लुप्त हो जाय। तब राजा को यह विचार हो—'मेरे महल में इस प्रव्रजित के अतिरिक्त अन्य कोई प्रविष्ट नहीं होता, अत: अवश्य ही इस रत्न की चोरी इस प्रव्रजित ने ही की होगी।' भिक्षुओ! राजकीय अन्त:पुर में प्रवेश का यह तृतीय दोष है। (३)

४. ''पुन: भिक्षुओ! राजा के अन्त:पुर में प्राय: गोपनीय विचार-विमर्श भी चलता रहता है। किसी कारण से उसकी गोपनीयता भङ्ग हो जाय तो राजा को यही सन्देह होगा—'मेरे इस महल में इस प्रव्रजित के अतिरिक्त कोई नहीं आता, अत: अवश्य इस प्रव्रजित ने ही वह गोपनीयता भङ्ग की होगी।' भिक्षुओ! राजकीय अन्त:पुर में प्रवेश का यह चतुर्थ दोष है। (४)

५. ''पुन: भिक्षुओ! वहाँ पिता अपने पुत्र से कुछ प्रार्थना करे (माँगे) या पुत्र पिता से कुछ माँगे और वह गुप्त प्रार्थना प्रजाजनों को ज्ञात हो जाय तो वहाँ यही सन्देह होगा—'यहाँ इस प्रव्रजित के अतिरिक्त कोई नहीं आता, अत: इसने ही यहाँ सुनकर बाहर कही होगी।' भिक्षुओ! राजकीय अन्त:पुर में प्रवेश का यह पञ्चम दोष है। (५)

[N.164] तेसं एवं होति—'राजा खो पब्बजितेन संसट्ठो। सिया नु खो पब्बजितस्स कम्मं' ति। अयं, भिक्खवे, छट्ठो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

[B.321] ७. "पुन च परं, भिक्खवे, राजा उच्चट्ठानियं नीचे ठाने ठपेति। येसं तं अमनापं तेसं एवं होति—'राजा खो पब्बजितेन संसट्ठो। सिया नु खो पब्बजितस्स कम्मं' ति। अयं, भिक्खवे, सत्तमो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

८. "पुन च परं, भिक्खवे, राजा अकाले सेनं उय्योजेति। येसं तं अमनापं तेसं एवं होति—'राजा खो पब्बजितेन संसट्ठो। सिया नु खो पब्बजितस्स कम्मं' ति। अयं, भिक्खवे, अट्ठमो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

९. "पुन च परं, भिक्खवे, राजा काले सेनं उय्योजेत्वा अन्तरामग्गतो निवत्तापेति। [R.83] येसं तं अमनापं तेसं एवं होति—'राजा खो पब्बजितेन संसट्ठो। सिया नु खो पब्बजितस्स कम्मं' ति। अयं, भिक्खवे, नवमो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

१०. "पुन च परं, भिक्खवे, रञ्ञो अन्तेपुरं हत्थिसम्मद्दं अस्ससम्मद्दं रथसम्मद्दं रजनीयानि रूपसद्दगन्धरसफोट्ठब्बानि, यानि न पब्बजितस्स सारुप्पानि। अयं, भिक्खवे, दसमो आदीनवो राजन्तेपुरप्पवेसने।

"इमे खो, भिक्खवे, दस आदीनवा राजन्तेपुरप्पवेसने" ति॥ ●

"पुनः, भिक्षुओ! राजा किसी नीचे स्थान पर नियुक्त अधिकारी की किसी उच्च स्थान पर नियुक्ति कर दे, तब उसके विरोधी यह अनुमान लगा लें—'आजकल यह प्रव्रजित राजा से बहुत मिलता है; हो सकता है, इसने ही राजा को इसकी उन्नति का परामर्श दिया होगा। भिक्षुओ!...यह षष्ठ दोष है। (६)

७. "पुनः, भिक्षुओ! राजा किसी उच्च पदासीन अधिकारी की पदावनति कर दे, तब उस पदावनत को यह विचार हो सकता है—'आजकल यह प्रवजित राजमहल में बहुत आता-जाता है, हो सकता है, इसी के कहने से राजा ने मेरी यह पदावनति की हो। भिक्षुओ!.. यह सप्तम दोष है। (७)

८. "पुनः, भिक्षुओ! राजा असमय में किसी शत्रु पर आक्रमण कर दे। जो इस आक्रमण के विरोधी हों उनको यह विचार हो सकता है—'आजकल यह प्रव्रजित राजा का बहुत घनिष्ठ बना हुआ है, अवश्य इसी ने इस आक्रमण का परामर्श दिया होगा।' भिक्षुओ...यह अष्टम दोष है। (८)

९. "पुनः, भिक्षुओ! राजा कभी अपनी सेना को शत्रु पर आक्रमण का आदेश देकर भी मध्य मार्ग से ही अपनी सेना को पीछे लौटा ले। जिनको राजा का यह निर्णय उचित न लगा हो वे यह अनुमान लगावें—'आजकल इस प्रव्रजित का राजा से बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध चल रहा है। हो सकता है, सेना को पुनः लौटाने का परामर्श इसी ने दिया हो।' भिक्षुओ!...यह नवम दोष है। (९)

१०. "पुनः, भिक्षुओ! राजा के महल में समय-समय पर हाथियों, घोड़ों एवं रथों का सम्मर्द (एकत्र होना=भीड़) आदि होता रहता है, जो कि प्रव्रजित के आचार-विचार के प्रतिकूल होता है। 'भिक्षुओ! राजकीय अन्तःपुर में प्रवेश का यह दशम दोष है। (१०)

६. सक्कसुत्तं : १. एकं समयं भगवा सक्केसु विहरति कपिलवत्थुस्मिं निग्रोधारामे। अथ खो सम्बहुला सक्का उपासका तदहुपोसथे येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। एकमन्तं निसिन्ने खो सक्के उपासके भगवा एतदवोच—

२. "अपि नु तुम्हे, सक्का, अट्ठङ्गसमन्नागतं उपोसथं उपवसथा" ति?

"अप्पेकदा मयं, भन्ते, अट्ठङ्गसमन्नागतं उपोसथं उपवसाम, अप्पेकदा न उपवसामा" ति।

"तेसं वो, सक्का, अलाभा तेसं दुल्लद्धं, ये तुम्हे एवं सोकसभये जीविते [N.165] मरणसभये जीविते अप्पेकदा अट्ठङ्गसमन्नागतं उपोसथं उपवसथ, अप्पेकदा न उपवसथ।

"तं किं मञ्ञथ, सक्का, इध पुरिसो येन केनचि कम्मट्ठानेन अनापज्ज अकुसलं दिवसं अड्ढकहापणं निब्बिसेय्य। दक्खो पुरिसो उट्ठानसम्पन्नो ति अलं वचनाया" [R.84] ति?

"एवं, भन्ते"।

"तं किं मञ्ञथ, सक्का, इध पुरिसो येन केनचि कम्मट्ठानेन अनापज्ज [B.322] अकुसलं दिवसं कहापणं निब्बिसेय्य। दक्खो पुरिसो उट्ठानसम्पन्नो ति अलं वचनाया" ति?

"एवं, भन्ते"।

"तं कि, मञ्ञथ, सक्का, इध पुरिसो येन केनचि कम्मट्ठानेन अनापज्ज अकुसलं दिवसं द्वे कहापणे निब्बिसेय्य ...तयो कहापणे निब्बिसेय्य... चत्तारो कहापणे निब्बिसेय्य...

"भिक्षुओ! राजकीय अन्त:पुर में प्रवेश के ये दश दोष होते हैं॥" ●

६. शाक्यसूत्र : : शाक्यों द्वारा अष्टाङ्ग उपोसथ न करने के दोष

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) शाक्य प्रदेश की कपिलवस्तु नगरी के न्यग्रोधाराम में साधना हेतु विराजमान थे। उस समय कभी बहुत से शाक्य उपासक उसी उपोसथ के दिन भगवान् के सम्मुख आये। आकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे उन शाक्य उपासकों से भगवान् ने पूछा—

२. "शाक्यगण! क्या तुम आठ अङ्गों से युक्त उपोसथ व्रत रखते हो?"

"भन्ते! कभी हम यह आठ अङ्गों से युक्त उपोसथ व्रत रखते हैं, कभी नहीं भी रखते।"

"शाक्यजन! यह तो तुम्हारे लिये बहुत हानिप्रद बात ही है कि तुम ऐसा शोकभय एवं मरणभय से युक्त जीवन पाकर भी कभी यह अष्टाङ्गयुक्त उपोसथव्रत रखते हो, कभी नहीं।

'तो क्या मानते हो! शाक्यजन! कि यहाँ कोई पुरुष कुछ कार्य किये विना अपने समस्त खाली दिन की आधे कार्षापण से भी समानता कर सकेगा! क्या चतुर पुरुष वह नहीं कहलाता जो अपनी उन्नति के लिये कुछ न कुछ करता रहे?

"हाँ, भन्ते! ऐसा ही है।"

"तो क्या मानते हो शाक्यजन! कि यहाँ कोई पुरुष कुछ कार्य किये विना अपने समस्त खाली दिन की एक कार्षापण से...दो कार्षापण से...तीन कार्षापण से...चार कार्षापण से...पाँच

पञ्च कहापणे निब्बिसेय्य... छ कहापणे निब्बिसेय्य... सत्त कहापणे निब्बिसेय्य... अट्ठ कहापणे निब्बिसेय्य... नव कहापणे निब्बिसेय्य... दस कहापणे निब्बिसेय्य... वीस कहापणे निब्बिसेय्य... तिंस कहापणे निब्बिसेय्य... चत्तारीसं कहापणे निब्बिसेय्य... पञ्ञासं कहापणे निब्बिसेय्य... कहापणसतं निब्बिसेय्य। दक्खो पुरिसो उट्ठानसम्पन्नो ति अलं वचनाया'' ति? ''एवं, भन्ते''।

''तं किं मञ्ञथ, सक्का, अपि नु सो पुरिसो दिवसे दिवसे कहापणसतं कहापण-सहस्सं निब्बिसमानो लद्धं लद्धं निक्खिपन्तो वस्ससतायुको वस्ससतजीवी महन्तं भोगक्खन्धं अधिगच्छेय्या'' ति? ''एवं, भन्ते''।

''तं किं मञ्ञथ, सक्का, अपि नु सो पुरिसो भोगहेतु भोगनिदानं भोगाधिकरणं एकं वा रत्तिं एकं वा दिवसं उपड्ढं वा रत्तिं उपड्ढं वा दिवसं एकन्तसुखप्पटिसंवेदी विहरेय्या'' ति?

[N.166] ''नो हेतं, भन्ते''। ''तं किस्स हेतु''?

''कामा हि, भन्ते अनिच्चा तुच्छा मुसा मोसधम्मा'' ति।

३. ''इध पन वो, सक्का, मम सावको दस वस्सानि अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो यथा मयानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमानो सतं पि वस्सानि सतं पि वस्ससतानि सतं पि [R.85] वस्ससहस्सानि एकन्तसुखप्पटिसंवेदी विहरेय्य। सो च ख्वास्स सकदागामी वा अनागामी वा अपण्णकं वा सोतापन्नो। तिट्ठन्तु, सक्का, दस वस्सानि। इध मम सावको नव

कार्षापण से... छह कार्षापण से...सात कार्षापण से...आठ कार्षापण से...नौ कार्षापण से...दश कार्षापण से...बीस कार्षापण से...तीस कार्षापण से...चालीस कार्षापण से...पचास कार्षापण से...सौ कार्षापण से समानता कर सकेगा; क्या चतुर पुरुष वह नहीं कहलाता जो अपनी उन्नति के लिये कुछ न कुछ करता रहे?''

''हाँ, भन्ते! ऐसा ही है।''

''तो क्या मानते हो, शाक्यजन! क्या वह पुरुष प्रतिदिन सौ कार्षापण या हजार कार्षापण प्राप्त करता हुआ तथा उन प्राप्त कार्षापणों को एक ओर सुरक्षित रखता हुआ सौ वर्ष की आयु वाला होकर सौ वर्ष तक जीवित रहता हुआ विशाल ऐश्वर्यराशि को प्राप्त कर सकेगा?''

''हाँ भन्ते! प्राप्त कर सकेगा।''

''तो क्या मानते हो, शाक्यजन! वह कामभोगों को ही सबकुछ समझ कर उनमें ही रमा रहता हो, क्या वह उन भोगों से एक दिन, एक रात्रि या आधा दिन, आधी रात्रि तक भी एकान्त सुख (धर्मसाधना) का आनन्द अनुभव कर सकता है?'' ''नहीं, भन्ते!'' ''वह क्यों?''

''क्योंकि, भन्ते! ये कामभोग अनित्य, तुच्छ एवं नाश-स्वभाव हैं।''

३. ''यहाँ तुम देखते हो, शाक्यजनो! कि मेरा कोई शिष्य (श्रावक) दश वर्ष तक निरन्तर सावधान एवं संयतचित्त रहकर मेरे उपदेशानुसार साधना कर ले तो वह सौ वर्ष या हजार वर्ष तक एकान्तसुख (धर्मसाधना) का आनन्द अनुभव कर सकता है। और वह उस साधना के बल पर सकृदागामी, अनागामी या अपर्णक (निर्दोष=संशयरहित) स्रोतआपन्न हो सकता है। शाक्यजनो!

वस्सानि... अट्ठ वस्सानि... सत्त वस्सानि... छ वस्सानि... पञ्च वस्सानि... चत्तारि वस्सानि ...तीणि वस्सानि... द्वे वस्सानि... एकं वस्सं अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो यथा मयानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमानो सतं पि वस्सानि सतं पि वस्ससतानि सतं पि वस्ससहस्सानि एकन्तसुखप्पटिसंवेदी विहरेय्य, सो च ख्वास्स सकदागामी वा अनागामी वा [B.323] अपण्णकं वा सोतापन्नो। तिट्ठतु, सक्का, एकं वस्सं। इध मम सावको दस मासे अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो यथा मयानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमानो सतं पि वस्सानि सतं पि वस्ससतानि सतं पि वस्ससहस्सानि एकन्तसुखप्पटिसंवेदी विहरेय्य, सो च ख्वास्स सकदागामी वा अनागामी वा अपण्णकं वा सोतापन्नो। तिट्ठन्तु, सक्का, दस मासा। इध मम सावको नव मासे... अट्ठ मासे... सत्तमासे... छ मासे... पञ्च मासे... चत्तारो मासे... तयो मासे ...द्वे मासे... एकं मासं... अड्ढमासं अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो यथा मयानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमानो सतं पि वस्सानि सतं पि वस्ससतानि सतं पि वस्ससहस्सानि एकन्तसुखप्पटिसंवेदी विहरेय्य, सो च ख्वास्स सकदागामी वा अनागामी वा अपण्णकं वा सोतापन्नो। तिट्ठतु, सक्का, अड्ढमासो... तिट्ठन्तु, सक्का, दस रत्तिन्दिवा। इध मम सावको नव रत्तिन्दिवे... अट्ठ रत्तिन्दिवे... सत्त रत्तिन्दिवे... छ रत्तिन्दिवे... पञ्च रत्तिन्दिवे... चत्तारो [R.86] रत्तिन्दिवे... तयो रत्तिन्दिवे ...द्वे रत्तिन्दिवे... एकं रत्तिन्दिवं अप्पमत्तो आतापी [N.167] पहितत्तो विहरन्तो यथा मयानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमानो... सतं पि वस्ससहस्सानि एकन्तसुखप्पटिसंवेदी विहरेय्य, सो च ख्वास्स सकदागामी वा अनागामी वा अपण्णकं वा

दश वर्ष की बात छोड़ो; यदि मेरा शिष्य नौ वर्ष भी...आठ वर्ष भी...सात वर्ष भी...छह वर्ष भी...पाँच वर्ष भी...चार वर्ष भी...तीन वर्ष भी...दो वर्ष भी...एक वर्ष भी सावधान एवं संयतचित्त होकर...पूर्ववत्... स्रोतआपन्न हो सकता है।

"और, शाक्यजनो! एक वर्ष की बात भी छोड़ो; यदि मेरा कोई शिष्य दश मास भी सावधान एवं संयतचित्त होकर मेरे उपदेशानुसार साधना कर ले तो वह ...पूर्ववत्... स्रोतआपन्न हो सकता है। तथा शाक्यजनो! दश मास की बात भी छोड़ो; यदि कोई मेरा शिष्य नौ मास भी...आठ मास भी...सात मास भी... छह मास भी...पाँच मास भी...चार मास भी...तीन मास भी...दो मास भी...एक मास भी... अर्ध मास भी सावधान एवं संयतचित्त होकर मेरे उपदेशानुसार साधना कर ले तो वह ...पूर्ववत्... स्रोतआपन्न हो सकता है।

"और, शाक्यजनो! आधे मास की बात भी छोड़ो; यदि कोई मेरा शिष्य दश रात्रिदिन तक भी सावधान एव संयतचित्त हो। और मेरे उपदेशानुसार साधना कर ले तो वह ...पूर्ववत्... स्रोतआपन्न हो सकता है। और, शाक्यजनो! दश रात्रिदिन की बात भी छोड़ो, यदि कोई मेरा शिष्य नौ रात्रिदिन... आठ रात्रिदिन... सात रात्रिदिन... छह रात्रिदिन... पाँच रात्रिदिन... चार रात्रिदिन... तीन रात्रिदिन... दो रात्रिदिन... एक रात्रिदिन भी सावधान एवं संयतचित्त होकर मेरे उपदेशानुसार साधना कर ले तो वह सौ वर्ष तक या हजार वर्ष तक एकान्तसुख का आनन्द अनुभव कर सकता है। और वह इस साधना के बल पर सकृदागामी, अनागामी या अपर्णक (निर्दोष) स्रोतआपन्न हो सकता है।

सोतापन्नो। तेसं वो, सक्का, अलाभा तेसं दुल्लद्धं, ये तुम्हे एवं सोकसभये जीविते मरणसभये जीविते अप्पेकदा अट्ठङ्गसमन्नागतं उपोसथं उपवसथ, अप्पेकदा न उपवसथा'' ति।

''एते मयं, भन्ते, अज्जतग्गे अट्ठङ्गसमन्नागतं उपोसथं उपवसिस्सामा'' ति॥ ●

७. महालिसुत्तं : १. एकं समयं भगवा वेसालियं विहरति महावने कूटागार-
[B.324] सालायं। अथ खो महालि लिच्छवि येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो महालि लिच्छवि भगवन्तं एतदवोच—

२. ''को नु खो, भन्ते हेतु, को पच्चयो पापस्स कम्मस्स किरियाय पापस्स कम्मस्स पवत्तिया'' ति?

'' लोभो खो, महालि, हेतु, लोभो पच्चयो पापस्स कम्मस्स किरियाय पापस्स कम्मस्स पवत्तिया। दोसो खो, महालि, हेतु, दोसो पच्चयो पापस्स कम्मस्स किरियाय पापस्स कम्मस्स पवत्तिया। मोहो खो, महालि, हेतु, मोहो पच्चयो पापस्स कम्मस्स किरियाय पापस्स कम्मस्स पवत्तिया। अयोनिसो मनसिकारो खो, महालि, हेतु, अयोनिसो
[R.87] मनसिकारो पच्चयो पापस्स कम्मस्स किरियाय पापस्स कम्मस्स पवत्तिया। मिच्छा-पणिहितं खो, महालि, चित्तं हेतु, मिच्छापणिहितं चित्तं पच्चयो पापस्स कम्मस्स किरियाय पापस्स कम्मस्स पवत्तिया ति। अयं खो, महालि, हेतु, अयं पच्चयो पापस्स कम्मस्स किरियाय पापस्स कम्मस्स पवत्तिया'' ति।

३. ''को पन, भन्ते, हेतु को पच्चयो कल्याणस्स कम्मस्स किरियाय कल्याणस्स कम्मस्स पवत्तिया'' ति?

इस दृष्टि से शाक्यजनो! तुम लोगों के लिये यह अति हानिकर बात हुई कि तुम ऐसा शोकभय एवं मरणभय से युक्त जीवन पाकर भी कभी अष्टाङ्गयुक्त उपोसथव्रत पालन करते हो और कभी नहीं।''

''भन्ते! आज के बाद हम सब अष्टाङ्गयुक्त उपोसथव्रत का अवश्य पालन करेंगे॥'' ●

७. महालिसूत्र : : धर्मचर्या एवं अधर्मचर्या के दश हेतु

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) वैशाली के महावन की कूटागारशाला में साधनाहेतु विराजमान थे। तब कभी महालि लिच्छवि भगवान् के सम्मुख आया, आकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे महालि लिच्छवि ने भगवान् से यह पूछा—

२. ''भन्ते! पापकर्म की क्रिया एवं पापकर्म की प्रवृत्ति में कौन हेतु या कौन प्रत्यय है?''

''महालि! पापकर्म की क्रिया एवं पापकर्म की प्रवृत्ति में **लोभ** हेतु या प्रत्यय है। महालि! पापकर्म की क्रिया एवं प्रवृत्ति में **द्वेष** हेतु या प्रत्यय है। महालि! पापकर्म की क्रिया एवं प्रवृत्ति में **मोह** हेतु या प्रत्यय है। महालि! पापकर्म की क्रिया एवं प्रवृत्ति में **अयोनिशः मनस्कार** हेतु या प्रत्यय है। महालि! पापकर्म की क्रिया एवं प्रवृत्ति में **मिथ्यासङ्कल्प** हेतु या प्रत्यय है। महालि! पापकर्म की क्रिया एवं प्रवृत्ति में ये ही पाँच हेतु या प्रत्यय है।

३. ''भन्ते! कल्याण (शुभ) कर्म की क्रिया एवं प्रवृत्ति में क्या हेतु एवं क्या प्रत्यय है?''

''अलोभो खो, महालि, हेतु, अलोभो खो, महालि,... अदोसो पच्चयो [N.168] कल्याणस्स कम्मस्स किरियाय कल्याणस्स कम्मस्स पवत्तिया। अमोहो खो, महालि, हेतु, अमोहो पच्चयो कल्याणस्स कम्मस्स किरियाय कल्याणस्स कम्मस्स पवत्तिया। योनिसो मनसिकारो खो, महालि, हेतु, योनिसो मनसिकारो पच्चयो कल्याणस्स कम्मस्स किरियाय कल्याणस्स कम्मस्स पवत्तिया। सम्मापणिहितं खो, महालि, चित्तं हेतु, सम्मापणिहितं चित्तं पच्चयो कल्याणस्स कम्मस्स किरियाय कल्याणस्स कम्मस्स पवत्तिया। अयं खो, महालि, हेतु, अयं पच्चयो कल्याणस्स कम्मस्स किरियाय कल्याणस्स कम्मस्स पवत्तिया। इमे चे, महलि, दस धम्मा लोके न संविज्जेय्युं, नयिध पञ्ञायेथ अधम्मचरिया विसमचरिया ति वा धम्मचरिया समचरिया ति वा। यस्मा च खो, महालि, इमे दस धम्मा लोके [B.325] संविज्जन्ति, तस्मा पञ्ञायति अधम्मचरिया विसमचरिया ति वा धम्मचरिया समचरिया ति वा'' ति॥ ●

८. **पब्बजितअभिण्हसुत्तं** : १. ''दसयिमे, भिक्खवे, धम्मा पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बा। कतमे दस? 'वेवण्णियम्हि अज्झुपगतो' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं; 'परपटिबद्धा मे जीविका' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं; [R.88] 'अञ्ञो मे आकप्पो करणीयो' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं; 'कच्चि नु खो मे अत्ता सीलतो न उपवदती' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं; 'कच्चि नु खो मं अनुविच्च विञ्ञू सब्रह्मचारी सीलतो न उपवदन्ती' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं; 'सब्बेहि मे पियेहि मनापेहि नानाभावो विनाभावो' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं; 'कम्मस्सकोम्हि कम्मदायादो कम्मयोनि कम्मबन्धु कम्मपटिसरणो, यं कम्मं

''महालि! कल्याणकर्म की क्रिया एवं प्रवृत्ति में **अलोभ** हेतु या प्रत्यय है। महालि! **अद्वेष** ...पूर्ववत्... **अमोह... योनिशःमनस्कार... सम्यक्सङ्कल्प** कल्याणकर्म की क्रिया एवं प्रवृत्ति में हेतु या प्रत्यय है। महालि! कल्याणकर्म की क्रिया एवं प्रवृत्ति में ये पाँच हेतु या प्रत्यय हैं। महालि! ये दश धर्म लोक में न हों तो यहाँ न यह ज्ञात हो पावे अधर्मचर्या या विषमचर्या क्या है! और न यह ज्ञात हो पावे कि धर्मचर्या एवं समचर्या क्या है! क्योंकि, महालि! लोक में दश धर्म हैं अतः ज्ञात हो जाता है कि अधर्मचर्या एवं विषमचर्या क्या है, और धर्मचर्या एवं समचर्या क्या है!॥''●

८. प्रव्रजित-अभीक्ष्णसूत्र : : भिक्षु द्वारा दश धर्मों का निरन्तर प्रत्यवेक्षण

१. ''भिक्षुओ! प्रव्रजित को अपने में निरन्तर इन दश धर्मों की प्रत्यवेक्षा करनी चाहिये। किन दश धर्मों की? प्रवजित को निरन्तर (१) 'मैं किसी विकार (दोष) के कारण (समाज में) कलङ्कित तो नहीं होने जा रहा हूँ'; (२) 'मेरी जीविका दूसरों पर तो आश्रित नहीं है'; (३) 'मेरा ईर्यापथ विकृत तो नहीं हो रहा है?'; (४) 'कोई मेरे सदाचार की निन्दा तो नहीं कर रहा है?'; (५) 'विद्वान् साथी मेरे शील पर अङ्गुलि तो नहीं उठा रहे हैं'; (६) मेरा सभी अनुकूल एवं प्रियों के साथ नानाभाव और विनाभाव तो है?'; (७) 'मैं अपने कर्मों के अधीन हूँ, उन कर्मों का उत्तराधिकारी (दायाद) हूँ'; (८) 'मेरे रात और दिन कैसे बीत रहे हैं?'; (९) 'मुझे शून्यागार में

करिस्सामि कल्याणं वा पापकं वा तस्स दायादो भविस्सामी' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं; 'कथंभूतस्स मे रत्तिन्दिवा वीतिवत्तन्ती' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं; 'कच्चि नु खो अहं सुञ्ञागारे अभिरमामी' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं; 'अत्थि नु खो मे उत्तरिमनुस्सधम्मो अलमरियञाणदस्सनविसेसो अधिगतो, योहं पच्छिमे [N.169] काले सब्रह्मचारीहि पुट्ठो न मङ्कु भविस्सामी' ति पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बं। इमे खो, भिक्खवे, दस धम्मा पब्बजितेन अभिण्हं पच्चवेक्खितब्बा'' ति॥ ●

९. सरीरट्ठधम्मसुत्तं : १. ''दसयिमे, भिक्खवे, धम्मा सरीरट्ठा। कतमे दस? सीतं, उण्हं, जिघच्छा, पिपासा, उच्चारो, पस्सावो, कायसंवरो, वचीसंवरो, आजीवसंवरो, पोनोब्भविको भवसङ्खारो—इमे खो, भिक्खवे, दस धम्मा सरीरट्ठा'' ति॥ ●

१०. भण्डनसुत्तं : १. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथ- [R.89] पिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन सम्बहुला भिक्खू पच्छाभत्तं पिण्डपात- [B.326] पटिक्कन्ता उपट्ठानसालायं सन्निसिन्ना सन्निपतिता भण्डनजाता कलहजाता विवादापन्ना अञ्ञमञ्ञं मुखसत्तीहि वितुदन्ता विहरन्ति।

२. अथ खो भगवा सायन्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो येन उपट्ठानसाला तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। निसज्ज खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि— ''काय नुत्थ, भिक्खवे, एतरहि कथाय सन्निसिन्ना सन्निपतिता, का च पन वो अन्तराकथा विप्पकथा'' ति?

३. ''इध मयं, भन्ते, पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्ता उपट्ठानसालायं सन्निसिन्ना

रहना अच्छा लगता है कि नहीं'; (१०) 'क्या मैंने कोई साधारण साधकों की अपेक्षा आर्य ज्ञानदर्शनविशेष प्राप्त कर लिया है, जिसके विषय में कभी मेरे साथी मुझसे पूछें तो मुझे उनके सम्मुख नीचा न देखना पड़े?'। भिक्षुओ! इन दश धर्मों का प्रव्रजित को निरन्तर प्रत्यवेक्षण करते रहना चाहिये॥'' ●

९. शरीरस्थधर्मसूत्र : : दश शरीरस्थ धर्म

''भिक्षुओ! ये दश शरीरगत धर्म होते हैं। कौन से दश? (१) शीत, (२) उष्ण, (३) जिघत्सा (भूख), (४) पिपासा (प्यास), (५) मलोत्सर्जन, (६) मूत्रोत्सर्जन, (७) कायसंवर, (८) वाक्संवर, (९) आजीवसंवर एवं (१०) पुनर्जन्मसम्बद्ध भवसंस्कार! भिक्षुओ! ये दश शरीरगत धर्म होते हैं॥'' ●

१०. भण्डन (कलह) सूत्र : : भिक्षुओं में एकतास्थापक दश धर्म

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती के अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवन विहार में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय बहुत से भिक्षु भिक्षाचर्या के बाद भोजनोत्तर उपस्थानशाला (सभाभवन) में एकत्र बैठे हुए परस्पर कलह विवाद करते एक-दूसरे को अपशब्द कहते हुए अपना समय नष्ट कर रहे थे।

२. तब भगवान् सायङ्काल ध्यानभावना से निवृत्त होकर उपस्थानशाला में पधारे और प्रज्ञप्त

सन्निपतिता भण्डनजाता कलहजाता विवादापन्ना अञ्ञमञ्ञं मुखसत्तीहि वितुन्दता विहरामा'' ति।

४. ''न खो पनेतं, भिक्खवे, तुम्हाकं पतिरूपं कुलपुत्तानं सद्धाय अगारस्मा अनगारियं पब्बजितानं, ये तुम्हे भण्डनजाता कलहजाता विवादापन्ना अञ्ञमञ्ञं मुखसत्तीहि वितुदन्ता विहरेय्याथ।

५. ''दसयिमे, भिक्खवे, धम्मा सारणीया पियकरणा गरुकरणा सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तन्ति। कतमे दस? इध, भिक्खवे, भिक्खु सीलवा होति, पातिमोक्खसंवरसंवुतो विहरति आचारगोचरसम्पन्नो अणुमत्तेसु वज्जेसु [N.170] भयदस्सावी, समादाय सिक्खति सिक्खापदेसु। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु सीलवा होति ...पे०... समादाय सिक्खति सिक्खापदेसु, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

६. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु बहुस्सुतो होति सुतधरो सुतसन्निचयो, ये ते धम्मा आदिल्याणा मज्झेकल्याणा परियोसानकल्याणा सात्थं सब्यञ्जनं केवलपरिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं अभिवदन्ति, तथारूपास्स धम्मा बहुस्सुता होन्ति धाता वचसा [R.90] परिचिता मनसानुपेक्खिता दिट्ठिया सुप्पटिविद्धा। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु बहुस्सुतो होति ...पे०... दिट्ठिया सुप्पटिविद्धा, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

७. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु कल्याणमित्तो होति कल्याणसहायो [B.327] कल्याणसम्पवङ्को। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु कल्याणमित्तो होति कल्याणसहायो कल्याण-

---

आसन पर विराजमान हुए। विराजमान होकर उनने भिक्षुओं से पूछा—''भिक्षुओ! इस समय तुम किस प्रसङ्ग पर चर्चा कर रहे थे?''

३. ''भन्ते! इस समय हम भिक्षाचर्या के बाद...पूर्ववत्...समय नष्ट कर रहे थे।''

४. ''भिक्षुओ! यह तो तुम्हारे जैसे कुलपुत्रों के लिये, जो श्रद्धा के वशीभूत होकर घर छोड़कर प्रव्रजित हुए हो, उचित नहीं है कि तुम परस्पर कलह विवाद करते हुए एक-दूसरे को कटुवचन कहते हुए अपना समय नष्ट करो!

५. ''भिक्षुओ! ये दश धर्म सदा स्मरणीय, प्रियकारक, गौरवोत्पादक, सबको एकत्र करने के लिये, विवाद न होने देने के लिये, एकता के लिये होते हैं। कौन से दश धर्म?

''यहाँ भिक्षुओ! कोई भिक्षु प्रातिमोक्ष के नियमों की साधना से सदाचार का पालन करता है, आचार व्यवहार से सम्पन्न, छोटे छोटे निन्द्य कर्म के आचरण में भी भय मानने वाला तथा भगवान् के कहे शिक्षापदों का अभ्यास करता है। ...पूर्ववत्... यह धर्म भी स्मरणीय...एकता के लिये होता है। (१)

६. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु बहुश्रुत ...पूर्ववत्... दृष्टि से सुप्रतिविद्ध धर्मों का पालन करता है... यह धर्म भी स्मरणीय...एकता के लिये होता है। (२)

सम्पवङ्को, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

८. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु सुवचो होति सोवचस्सकरणेहि धम्मेहि समन्नागतो खमो पदक्खिणग्गाही अनुसासनिं। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु सुवचो होति सोवचस्सकरणेहि धम्मेहि समन्नागतो खमो पदक्खिणग्गाही अनुसासनिं, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

९. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु यानि तानि सब्रह्मचारीनं उच्चावचानि किङ्करणीयानि—तत्थ दक्खो होति अनलसो, तत्रूपायाय वीमंसाय समन्नागतो अलं कातुं अलं संविधातुं। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु यानि तानि सब्रह्मचारीनं उच्चावचानि किङ्करणीयानि—तत्थ दक्खो होति अनलसो तत्रूपायाय वीमंसाय समन्नागतो अलं कातुं अलं संविधातुं, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

१०. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु धम्मकामो होति पियसमुदाहारो, अभिधम्मे [N.171] अभिविनये उळारपामोज्जो। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु धम्मकामो होति पियसमुदाहारो, अभिधम्मे अभिविनये उळारपामोज्जो, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

११. "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु आरद्धविरियो विहरति अकुसलानं धम्मानं पहानाय कुसलानं धम्मानं उपसम्पदाय, थामवा दळ्हपरक्कमो अनिक्खित्तधुरो कुसलेसु [R.91] धम्मेसु। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु आरद्धविरियो विहरति अकुसलानं धम्मानं पहानाय कुसलानं धम्मानं उपसम्पदाय, थामवा दळ्हपरक्कमो अनिक्खित्तधुरो कुसलेसु धम्मेसु, अयं पि धम्मो सारणीयो पियकरणो गरुकरणो सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तति।

---

७. "पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु अपने साथियों का कल्याणमित्र होता है ...पूर्ववत्... यह धर्म भी स्मरणीय...एकता के लिये होता है। (३)

८. "पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु आज्ञाकारी होता है, आज्ञाकारी धर्मों से युक्त होता है...पूर्ववत्... यह धर्म भी स्मरणीय...एकता के लिये होता है। (४)

९. "पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु अपने साथियों के छोटे बड़े कार्य-निष्पादन में दक्ष होता है, विचारपूर्वक उनको पूर्ण करता है...पूर्ववत्...यह धर्म भी स्मरणीय...एकता के लिये होता है। (५)

१०. "पुनः, भिक्षुओ! धर्मसाधना में उत्सुक रहता है, अभिधर्म एवं विनय से सम्बद्ध धर्मचर्या सुनकर अत्यधिक प्रमुदित होता है...पूर्ववत्...यह धर्म भी स्मरणीय....एकता के लिये होता है। (६)

११. "पुनः भिक्षुओ! कोई भिक्षु अकुशल धर्मों के प्रहाणहेतु प्रयास करता है, कुशल धर्मों के उत्पाद के लिये प्रयास करता है...पूर्ववत्...यह धर्म भी स्मरणीय...एकता के लिये होता है। (७)

१२. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु सन्तुट्ठो होति इतरीतरचीवरपिण्ड- [B.328] पातसेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारेन। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु सन्तुट्ठो होति इतरीतरचीवरपिण्डपातसेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारेन, अयं पि धम्मो सारणीयो ...पे०... संवत्तति।

१३. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु सतिमा होति, परमेन सतिनेपक्केन समन्नागतो, चिरकतं पि चिरभासितं पि सरिता अनुस्सरिता। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु सतिमा होति, परमेन सतिनेपक्केन समन्नागतो, चिरकतं पि चिरभासितं पि सरिता अनुस्सरिता, अयं पि धम्मो सारणीयो ...पे०... संवत्तति।

१४. ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु पञ्ञवा होति, उदयत्थगामिनिया पञ्ञाय समन्नागतो अरियाय निब्बेधिकाय सम्मा दुक्खक्खयगामिनिया। यं पि, भिक्खवे, भिक्खु पञ्ञवा होति, उदयत्थगामिनिया पञ्ञाय समन्नागतो अरियाय निब्बेधिकाय सम्मा दुक्खक्खयगामिनिया, अयं पि धम्मो सारणीयो ...पे०... संवत्तति। इमे खो, भिक्खवे, दस धम्मा सारणीया ...पे०... संवत्तति। इमे खो, भिक्खवे, दस धम्मा सारणीया पियकरणा गरुकरणा सङ्गहाय अविवादाय सामग्गिया एकीभावाय संवत्तन्ती'' ति॥ ●

अक्कोसवग्गो पञ्चमो॥

तस्सुद्दानं

विवादा द्वे च मूलानि, कुसिनारपवेसने। [N.172, R.92]
सक्को महालि अभिण्हं, सरीरट्ठा च भण्डना ति॥ ●

पठमो पण्णासको समत्तो॥

---

१२. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु साधारणतः मिले हुए चीवर, पिण्डपात आदि से सन्तुष्ट होता है...पूर्ववत्...यह धर्म भी स्मरणीय...एकता के लिये होता है। (८)

१३. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु स्मृतिमान् होता है, अतिशय स्मृतिसम्प्रजन्य से युक्त होता है। चिरकृत कर्म एवं चिरभाषित वचन का भी स्मरण रखता है...पूर्ववत्...यह धर्म भी स्मरणीय...एकता के लिये होता है। (९)

१४. ''पुनः, भिक्षुओ! कोई भिक्षु प्रज्ञावान् होता है, धर्मों के उत्पाद विनाश का ज्ञान कराने वाली प्रज्ञा से युक्त होता है...पूर्ववत्...यह धर्म भी स्मरणीय...एकता के लिये होता है। (१०)

भिक्षुओ! ये दश धर्म स्मरणीय, प्रियकारक, गौरवकारक, परस्पर मिलाने के लिये, विवाद न होने देने के लिये, एकता के लिये होते हैं॥'' **आक्रोशवर्ग पञ्चम सम्पन्न॥** ●

इस वर्ग (में व्याख्यात सूत्रों) की सूची

१. विवादसूत्र, २. प्रथम विवादमूलसूत्र, ३. द्वितीय विवादमूलसूत्र, ४. कुसिनारसूत्र, ५. राजान्तःपुरप्रवेशनसूत्र, ६. शाक्यसूत्र, ७. महालिसूत्र, ८. प्रव्रजितअभीक्ष्णसूत्र, ९. शरीरस्थ-धर्मसूत्र एवं १०. भण्डन सूत्र॥

प्रथम पञ्चाशत्क सम्पन्न॥ ●

६. सचित्तवग्गो

दुतियो पण्णासको

[B.329] **१. सचित्तसुत्तं :** १. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

२. "नो चे, भिक्खवे, भिक्खु परचित्तपरियायकुसलो होति, अथ 'सचित्तपरियायकुसलो भविस्सामी' ति—एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं।

३. "कथं च, भिक्खवे, भिक्खु सचित्तपरियायकुसलो होति? सेय्यथापि, भिक्खवे, इत्थी वा पुरिसो वा दहरो युवा मण्डनकजातिको आदासे वा परिसुद्धे परियोदात्ते अच्छे वा उदकपत्ते सकं मुखनिमित्तं पच्चवेक्खमानो सचे तत्थ पस्सति रजं वा अङ्गणं वा, तस्सेव रजस्स वा अङ्गणस्स वा पहानाय वायमति। नो चे तत्थ पस्सति रजं वा अङ्गणं वा, तेनेवत्तमनो होति परिपुण्णसङ्कप्पो—'लाभा वत मे, परिसुद्धं वत मे' ति। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खुनो पच्चवेक्खणा बहुकारा होति कुसलेसु धम्मेसु—'अभिज्झालु नु खो [R.93] बहुलं विहरामि, अनभिज्झालु नु खो बहुलं विहरामि, ब्यापन्नचित्तो नु खो बहुलं विहरामि, अब्यापन्नचित्तो नु खो बहुलं विहरामि, थीनमिद्धपरियुट्ठितो नु खो बहुलं

---

६. स्वचित्तवर्ग

द्वितीय पञ्चाशत्क

१. स्वचित्तसूत्र : : स्वचित्तज्ञान में उपयोगी दश धर्म

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती के अनाथपिण्डक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने "भिक्षुओ!" सम्बोधन से भिक्षुओं को अपने सम्मुख बुलाया। "भन्ते" कहकर सभी भिक्षु भगवान् के सम्मुख उपस्थित हुए। भगवान् ने उन भिक्षुओं को यह देशना की—

२. "भिक्षुओ! यदि कोई भिक्षु परचित्त के ज्ञान में भी कुशल नहीं होता है, परन्तु स्वचित्तज्ञान में कुशलता प्राप्त करने की इच्छा करता है; तो उसको स्वचित्तज्ञान में कौशल प्राप्त करने के लिये शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये।

३. "कैसे, भिक्षुओ! कोई भिक्षु स्वचित्तज्ञानकुशल हो सकता है? जैसे, भिक्षुओ! शृङ्गारप्रेमी कोई युवक पुरुष या स्त्री किसी दर्पण में या किसी स्वच्छ जलपूर्ण पात्र में अपना मुख देखे। यदि उसको वहाँ (मुख पर) धूल या अन्य विकार दिखायी दे तो वह धूल या विकार को हटाने का प्रयास करता है। यदि वहाँ कोई धूल या विकार नहीं दिखायी देता है तो सन्तुष्ट एवं परिपूर्ण सङ्कल्प होकर वह सोचता है—'मुझे बहुत लाभ है कि मेरा मुख स्वच्छ है।' इसी प्रकार, भिक्षुओ! किसी भिक्षु की कुशल धर्मों में यह प्रत्यवेक्षणा बहुत लाभप्रद होती है—'साधना करते समय कभी मेरा चित्त अभिध्या (लोभ) सम्पन्न रहता है, कभी नहीं रहता; कभी द्वेषसम्पन्न होता है

विहरामि, विगतथीनमिद्धो नु खो बहुलं विहरामि, उद्धतो नु खो बहुलं विहरामि, अनुद्धतो नु खो बहुलं विहरामि, विचिकिच्छो नु खो बहुलं विहरामि, तिण्णविचिकिच्छो नु खो बहुलं विहरामि, कोधनो नु खो बहुलं विहरामि, अक्कोधनो नु खो बहुलं विहरामि, [N.173] सङ्किलिट्ठचित्तो नु खो बहुलं विहरामि, असङ्किलिट्ठचित्तो नु खो बहुलं विहरामि, सारद्धकायो नु खो बहुलं विहरामि, असारद्धकायो नु खो बहुलं विहरामि, कुसीतो नु खो बहुलं विहरामि, आरद्धविरियो नु खो बहुलं विहरामि, असमाहितो नु खो बहुलं विहरामि, समाहितो नु खो बहुलं विहरामी' ति।

४. ''सचे, भिक्खवे, भिक्खु पच्चवेक्खमानो एवं जानाति—'अभिज्झालु [B.330] बहुलं विहरामि, ब्यापन्नचित्तो बहुलं विहरामि, थीनमिद्धपरियुट्ठितो बहुलं विहरामि, उद्धतो बहुलं विहरामि, विचिकिच्छो बहुलं विहरामि, कोधनो बहुलं विहरामि, सङ्किलिट्ठचित्तो बहुलं विहरामि, सारद्धकायो बहुलं विहरामि, कुसीतो बहुलं विहरामि, असमाहितो बहुलं विहरामी' ति, तेन भिक्खवे, भिक्खुना तेसंयेव पापकानं अकुसलानं धम्मानं पहानाय अधिमत्तो छन्दो च वायामो च उस्साहो च उस्सोळ्ही च अप्पटिवानी च सति च सम्पजञ्ञं च करणीयं। सेय्यथापि, भिक्खवे, आदित्तचेलो वा आदित्तसीसो वा। तस्सेव चेलस्स वा सीसस्स वा निब्बापनाय अधिमत्तं छन्दं च वायामं च उस्साहं च उस्सोळ्हिं च अप्पटिवानिं च सतिं च सम्पजञ्ञं च करेय्य; एवमेव खो तेन, भिक्खवे, भिक्खुना तेसंयेव पापकानं अकुसलानं धम्मानं पहानाय अधिमत्तो छन्दो च वायामो च उस्साहो च उस्सोळ्ही च अप्पटिवानी च सति च सम्पजञ्ञं च करणीयं।

५. ''सचे पन, भिक्खवे, भिक्खु पच्चवेक्खमानो एवं जानाति—[R.94]

कभी नहीं होता; कभी स्त्यानमृद्ध से पर्युत्थित रहता है कभी नहीं भी रहता; कभी क्रोधरहित रहता है कभी नहीं; कभी संक्लिष्ट रहता है कभी नहीं; कभी आरब्ध होता है कभी नहीं; कभी समाहित रहता है कभी नहीं।'

१. "भिक्षुओ! कोई आर्यश्रावक इन दश वृद्धियों से बढ़ता हुआ आर्यवृद्धि से बढ़ता है, तत्त्व को प्राप्त कर लेता है, शरीर के लिये उत्तम (भोगों) को प्राप्त कर लेता है। किन दश वृद्धियों से ? (१) वह क्षेत्र की वृद्धि से बढ़ता है, (२) धन-धान्य की वृद्धि से बढ़ता है, (३) पुत्र-पौत्रों से बढ़ता है, (४) उसके पालतू चौपायों की वृद्धि होती है, (५) उसके दास-कर्मकरों की वृद्धि होती है, (६) श्रद्धा बढ़ती है, (७) शील बढ़ता है, (८) उसका श्रुत बढ़ता है, (९) उसका त्याग बढ़ता है, और (१०) उसकी प्रज्ञा बढ़ती है। भिक्षुओ! इन दश वृद्धियों से बढ़ता हुआ ही कोई आर्यश्रावक

दसहि वड्ढीहि वड्ढमानो अरियसावको अरियाय वड्ढिया वड्ढति, सारादायी च होति वरादायी कायस्सा ति।

''धनेन धञ्ञेन च योध वड्ढति, पुत्तेहि दारेहि चतुप्पदेहि च।
स भोगवा होति यसस्सि पूजितो, ञातीहि मित्तेहि अथो पि राजुभि॥
सद्धाय सीलेन च योध वड्ढति, पञ्ञाय चागेन सुतेन चूभयं। [N.209]
सो तादिसो सप्पुरिसो विचक्खणो, दिट्ठेव धम्मे उभयेन वड्ढती'' ति॥ •

५. मिगसालासुत्तं : १. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो आयस्मा आनन्दो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन मिगसालाय उपासिकाय निवेसनं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। अथ खो मिगसाला उपासिका येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं आनन्दं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्ना खो मिगसाला उपासिका आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—

२. ''कथं कथं नामायं, भन्ते आनन्द, भगवता धम्मो देसितो अञ्ञेय्यो, यत्र हि नाम ब्रह्मचारी च अब्रह्मचारी च उभो समसमगतिका भविस्सन्ति अभिसम्परायं। [R.138] पिता मे, भन्ते, पुराणो ब्रह्मचारी होति आराचारी विरतो मेथुना गामधम्मा। सो कालङ्कतो भगवता ब्याकतो—'सकदागामिपत्तो तुसितं कायं उपपन्नो' ति। पितामहो मे, भन्ते, [B.366]

आर्यवृद्धि से बढ़ पाता है, तत्त्व को ग्रहण कर पाता है तथा शरीर के लिये भी उत्तम (भोग) को प्राप्त कर पाता है।

''जो यहाँ धन-धान्य से बढ़ता है, पुत्र, स्त्री एवं चौपाये पशुओं से बढ़ता है, वह लोक में ऐश्वर्यवान्, यशस्वी एवं सम्बन्धिजनों तथा मित्रों से और राजाओं से भी पूजित होता है॥

''इसी प्रकार, जो श्रद्धा, शील, प्रज्ञा, त्याग एवं श्रुत में वृद्धि प्राप्त करता है, ऐसा बुद्धिमान् चतुर सत्पुरुष इसी जन्म में ऐहलौकिक एवं पारलौकिक—इन उभयविध वृद्धियों को प्राप्त करता है॥'' •

५. मृगशालासूत्र : :

१. एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती के अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवन विहार में साधनाहेतु विराजमान थे। तब कभी प्रात:काल आयुष्मान् आनन्द व्यवस्थित होकर, पात्र चीवर लेकर मृगशाला उपासिका के आवास पर गये। जाकर वे प्रज्ञप्त आसन पर बैठे। तब मृगशाला उपासिका उनके सम्मुख आयी। आकर प्रणाम कर एक ओर बैठ गयी। एक ओर बैठी मृगशाला उपासिका ने आयुष्मान् आनन्द से यह जिज्ञासा प्रकट की—

२. ''भन्ते आनन्द! भगवान् भी कभी कभी कैसी धर्मदेशना कर देते हैं कि जिसमें धर्म के साधक, असाधक—दोनों को परलोक के लिये समानगतिक बता दिया करते हैं। (जैसे—) मेरा पुराण नामक पिता ब्रह्मचारी था, जो मैथुन ग्राम्यधर्म (व्यभिचार) से सदा विरत रहा। उसके मरने पर भगवान् ने बताया—'वह केवल सकृदागामिता प्राप्त कर अभी तुषित लोक में उत्पन्न हुआ है।

इसिदत्तो अब्रह्मचारी अहोसि सदारसन्तुट्ठो। सो पि कालङ्कतो भगवता ब्याकतो— 'सकदागामिपत्तो तुसितं कायं उपपन्नो' ति।

''कथं कथं नामायं, भन्ते, आनन्द, भगवता धम्मो देसितो अञ्ञेय्यो, यत्र हि नाम ब्रह्मचारी च अब्रह्मचारी च उभो समसमगतिका भविस्सन्ति अभिसम्परायं'' ति?

''एवं खो पनेतं, भगिनि, भगवता ब्याकतं'' ति।

३. अथ खो आयस्मा आनन्दो मिगसालाय उपासिकाय निवेसने पिण्डपातं गहेत्वा उट्ठायासना पक्कामि। अथ खो आयस्मा आनन्दो पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्तो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—

[N.210] ४. ''इधाहं, भन्ते, पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन मिगसालाय उपासिकाय निवेसनं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदिं। अथ खो, भन्ते, मिगसाला उपासिका येनाहं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा मं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्ना खो, भन्ते, मिगसाला उपासिका मं एतदवोच—'कथं कथं नामायं, भन्ते [R.139] आनन्द, भगवता धम्मो देसितो अञ्ञेय्यो, यत्र हि नाम ब्रह्मचारी च अब्रह्मचारी च उभो समसमगतिका भविस्सन्ति अभिसम्परायं। पिता मे, भन्ते, पुराणो ब्रह्मचारी अहोसि आराचारी विरतो मेथुना गामधम्मा। सो कालङ्कतो भगवता ब्याकतो सकदागामिपत्तो तुसितं कायं उपपन्नो ति। पितामहो मे, भन्ते इसिदत्तो अब्रह्मचारी अहोसि सदारसन्तुट्ठो। सो पि [B.367] कालङ्कतो भगवता ब्याकतो—सकदागामिपत्तो तुसितं कायं उपपन्नो ति। कथं कथं नामायं, भन्ते आनन्द, भगवता धम्मो देसितो अञ्ञेय्यो, यत्र हि नाम ब्रह्मचारी च अब्रह्मचारी च उभो समसमगतिका भविस्सन्ति अभिसम्परायं' ति? एवं वुत्ते अहं,भन्ते, मिगसालं उपासिकं एतदवोचं—'एवं खो पनेतं, भगिनि, भगवता ब्याकतं' '' ति।

५. ''का चानन्द, मिगसाला उपासिका बाला अब्यत्ता अम्मका अम्मकपञ्ञा, के च पुरिसपुग्गलपरोपरिये ञाणे?

उधर, भन्ते! मेरे दादा ऋषिदत्त गृहस्थधर्म का पालन करते हुए अपनी भार्या से ही सन्तुष्ट रहते थे। उनके विषय में भी भगवान् ने यही बताया—'वे भी सकृदागामिता प्राप्त कर तुषित लोक में जा पहुँचे हैं।'

''भन्ते! कैसे भगवान् ने ब्रह्मचारी एवं अब्रह्मचारी—दोनों की ही पारलौकिक गति समान बता दी, यह बात समझ में नहीं आयी!''

''भगिनि! ऐसी बात तो है; परन्तु भगवान् ने ऐसा ही व्याख्यान किया है।''

३. तब आयुष्मान् आनन्द मृगशाला उपासिका के घर में भिक्षा लेकर आसन से उठकर चले आये। और भोजनकर्म से निवृत्त होकर भगवान् के सम्मुख गये ...पूर्ववत्... भगवान् से यह निवेदन किया—

४. ''यहाँ, भन्ते! आज मैं प्रातःकाल ...पूर्ववत्... परन्तु भगवान् ने ऐसा ही व्याख्यान किया है।''

''दसयिमे, आनन्द, पुग्गला सन्तो संविज्जमाना लोकस्मिं। कतमे दस? इधानन्द, एकच्चो पुग्गलो दुस्सीलो होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति, यत्थस्स तं दुस्सील्यं अपरिसेसं निरुज्झति। तस्स सवनेन पि अकतं होति, बाहुसच्चेन पि अकतं होति, दिट्ठिया पि अप्पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं न लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा हानाय परेति, नो विसेसाय; हानगामीयेव होति, नो विसेसगामी।

६. ''इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो दुस्सीलो होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स तं दुस्सील्यं अपरिसेसं निरुज्झति। तस्स सवनेन [R.140] पि कतं होति, बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि [N.211] विमुत्तिं लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा विसेसाय परेति, नो हानाय; विसेसगामी येव होति, नो हानगामी।

''तत्रानन्द, पमाणिका पमिणन्ति —'इमस्स पि तेव धम्मा, अपरस्स पि तेव धम्मा। कस्मा नेसं एको हीनो एको पणीतो' ति? तं हि तेसं, आनन्द, होति दीघरत्तं अहिताय दुक्खाय।

''तत्रानन्द, य्वायं पुग्गलो दुस्सीलो होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स तं दुस्सील्यं अपरिसेसं निरुज्झति। तस्स सवनेन पि कतं होति, बाहुसच्चेन

---

५. ''आनन्द! कहाँ वह मन्दबुद्धि स्त्री जाति की उपासिका मृगशाला और कहाँ विद्वान् पुरुषों की समझ से भी बाहर का यह परमतत्त्व ज्ञान!

''आनन्द! लोक में ये दश प्रकार के पुद्गल होते हैं। कौन से दश?

''आनन्द! यहाँ कोई पुद्गल दुःशील होता है। वह न चेतोविमुक्ति प्रज्ञाविमुक्ति को यथार्थतः जानता है कि उसकी दुःशीलता का पूर्णतः निरोध हो सके, न उसने धर्मश्रवण किया है, न वह बहुश्रुत है, उसकी दृष्टि भी अन्तस्तल तक गम्भीरता से चिन्तन के योग्य नहीं है, वह सामायिक विमुक्ति को भी प्राप्त नहीं कर पाया है। ऐसा वह, देहपात के बाद मरणानन्तर, हान (नाश) की ओर जायगा, विशेष (उन्नति) की ओर नहीं। वह हानगामी ही होगा, विशेषगामी नहीं।

६. ''आनन्द! यहाँ कोई दूसरा पुद्गल, दुःशील होते हुए भी, चेतोविमुक्ति प्रज्ञाविमुक्ति को यथार्थतः जानता है, जिससे कि उसकी दुःशीलता का निरोध हो जाता है। उसने धर्मश्रवण भी किया है, वह बहुश्रुत भी है, उसकी दृष्टि भी गहरायी तक देखने वाली है, सामयिक विमुक्ति भी वह प्राप्त कर चुका है। वह इस देहपात के बाद मरणानन्तर, विशेष की ओर ही बढ़ेगा, हान की ओर नहीं। वह विशेषगामी ही होगा, हानगामी नहीं।

''वहाँ, आनन्द! तार्किक लोग यह तर्क कर सकते हैं—'इसके भी वे ही धर्म हैं और उसके भी वे ही धर्म हैं, तब इनमें एक हीन तथा दूसरा उत्तम कैसे हो गया!' परन्तु आनन्द! उनका यह तर्क उनके लिये ही बहुत काल तक अहितकर एवं दुःखप्रद होगा।

''वहाँ, आनन्द! जो पुद्गल दुःशील होता है; परन्तु वह चेतोविमुक्ति तथा प्रज्ञाविमुक्ति को यथार्थतः जानता है, उससे उसकी दुःशीलता का निरोध हो जाता है। उसको धर्मश्रवण भी प्राप्त है,

पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। अयं आनन्द, पुग्गलो अमुना पुरिमेन पुग्गलेन अभिक्कन्ततरो च पणीततरो च। तं किस्स हेतु? इमं हानन्द, पुग्गलं धम्मसोतो निब्बहति। तदन्तरं को जानेय्य, अञ्ञत्र तथागतेन! तस्मातिह, आनन्द, मा [B.368] पुग्गलेसु पमाणिका अहुवत्थ, मा पुग्गलेसु पमाणं गण्हित्थ। खञ्ञति हानन्द, पुग्गलेसु पमाणं गण्हन्तो। अहं वा, आनन्द, पुग्गलेसु पमाणं गण्हेय्यं यो वा पनस्स मादिसो।

[R.141] ७. ''इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो सीलवा होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स तं सीलं अपरिसेसं निरुज्झति। तस्स सवनेन पि अकतं होति, बाहुसच्चेन पि अकतं होति, दिट्ठिया पि अप्पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं न लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा हानाय परेति, नो विसेसाय; हानगामीयेव होति, नो विसेसगामी।

८. ''इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो सीलवा होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स तं सीलं अपरिसेसं निरुज्झति। तस्स सवनेन पि कतं होति, बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा विसेसाय परेति, नो हानाय; विसेसगामीयेव होति, नो हानगामी। [N.212] ''तत्रानन्द, पमाणिका पमिणन्ति ...पे०... अहं वा, आनन्द, पुग्गलेसु पमाणं गण्हेय्यं यो वा पनस्स मादिसो।

९. ''इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो तिब्बरागो होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स सो रागो अपरिसेसो निरुज्झति। तस्स सवनेन पि अकतं होति, बाहुसच्चेन पि अकतं होति, दिट्ठिया पि अप्पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं न लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा हानाय परेति, नो विसेसाय; हानगामीयेव होति, नो विसेसगामी।

वह बहुश्रुत भी है, उसकी दृष्टि भी गहरायी तक देखने वाली है। वह सामयिक विमुक्ति भी प्राप्त कर चुका है। वह पुरुष उस पहले पुद्गल से अपेक्षाकृत स्वच्छ एवं उत्तम होता है। वह क्यों? वह इसलिये कि उसका धर्मस्रोत प्रवहमाण है (सूखा नहीं है)। इस भेद (अन्तर) को तथागत के अतिरिक्त कौन जानेगा! अत: आनन्द! ऐसे पुद्गलों के विषय में तर्क का आश्रय न लो। यहाँ तर्क का आश्रयण करने वाले अपने लिये ही गड्ढा (गर्त) खोद रहे हैं। आनन्द! ऐसे पुद्गलों के विषय में या तो मैं प्रमाण हूँ या मेरे जैसा विज्ञ कोई मेरा शिष्य। (क)

७. ''यहाँ, आनन्द! कोई पुद्गल शीलवान् होता है, परन्तु वह चेतोविमुक्ति प्रज्ञाविमुक्ति को यथार्थत: नहीं जानता। ...पूर्ववत्...। *(पञ्चम अनुबन्ध के समान विस्तार।)*

८. ''और, आनन्द! कोई पुद्गल शीलवान् होता है; परन्तु वह उस चेतोविमुक्ति प्रज्ञाविमुक्ति को भी यथार्थत: जानता है ...पूर्ववत्...। *(षष्ठ अनुबन्ध के समान विस्तार।)* (ख)

९. ''यहाँ, आनन्द! कोई पुद्गल तीव्र रागवाला होता है; परन्तु वह उस चेतोविमुक्ति तथा प्रज्ञाविमुक्ति को नहीं जानता ...पूर्ववत्...। *(पञ्चम अनुबन्ध के समान विस्तार)*

१०. ''इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो तिब्बरागो होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स सो रागो अपरिसेसो निरुज्झति। तस्स सवनेन पि कतं होति, बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा विसेसाय परेति, नो हानाय; विसेसगामीयेव [R.142] होति, नो हानगामी।

''तत्रानन्द, पमाणिका पमिणन्ति ...पे०... अहं वा, आनन्द, पुग्गलेसु [B.369] पमाणं गण्हेय्यं यो वा पनस्स मादिसो।

११. ''इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो कोधनो होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स सो कोधो अपरिसेसो निरुज्झति। तस्स सवनेन पि अकतं होति, बाहुसच्चेन पि अकतं होति, दिट्ठिया पि अप्पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं न लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा हानाय परेति, नो विसेसाय; हानगामीयेव होति, नो विसेसगामी।

१२. ''इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो कोधनो होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स सो कोधो अपरिसेसो निरुज्झति। तस्स सवनेन पि कतं होति, बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा विसेसाय परेति, नो हानाय; विसेसगामीयेव होति, नो हानगामी।

''तत्रानन्द, पमाणिका पमिणन्ति ...पे०... अहं वा, आनन्द, पुग्गलेसु पमाणं गण्हेय्यं यो वा पनस्स मादिसो।

१३. ''इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो उद्धतो होति। तं च चेतोविमुत्तिं [N.213] पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स तं उद्धच्चं अपरिसेसं निरुज्झति। तस्स सवनेन पि अकतं होति, बाहुसच्चेन पि अकतं होति, दिट्ठिया पि अपटिविद्धं होति, सामायिकं पि

---

१०. ''यहाँ, आनन्द! कोई पुद्गल तीव्र रागवाला तो होता है, परन्तु वह उस चेतोविमुक्ति, प्रज्ञाविमुक्ति को भी यथार्थतः जानता है, जहाँ वह राग अपरिशेष निरुद्ध हो जाता है ...पूर्ववत्...। *(षष्ठ अनुबन्ध के समान विस्तार।)* (ग)

११. ''यहाँ, आनन्द! कोई पुद्गल क्रोधी होता है, परन्तु वह उस चेतोविमुक्ति प्रज्ञाविमुक्ति को यथार्थतः नहीं जानता जहाँ उसका वह अशेष क्रोध निवृत्त हो जाय ...पूर्ववत्...। *(पञ्चम अनुबन्ध के समान विस्तार।)*

१२. ''यहाँ, आनन्द ! कोई पुद्गल क्रोधी होता है; परन्तु वह उस चेतोविमुक्ति प्रज्ञाविमुक्ति को भी यथार्थतः जानता है, जहाँ उसका अशेष क्रोध निवृत्त हो जाय ...पूर्ववत्...। *(षष्ठ अनुबन्ध के समान विस्तार।)* (घ)

१३. ''यहाँ, आनन्द! कोई पुद्गल उद्धत (अविनीत) होता है, परन्तु वह उस चेतोविमुक्ति

विमुत्तिं न लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा हानाय परेति, नो विसेसाय; हानगामीयेव होति, नो विसेसगामी।

१४. "इध पनानन्द, एकच्चो पुग्गलो उद्धतो होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स तं उद्धच्चं अपरिसेसं निरुज्झति। तस्स सवनेन पि कतं होति, [R.143] बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। सो कायस्स भेदा परं मरणा विसेसाय परेति, नो हानाय; विसेसगामीयेव होति, नो हानगामी।

[B.370] "तत्रानन्द, पमाणिका पमिणन्ति—'इमस्स पि तेव धम्मा, अपरस्स पि तेव धम्मा। कस्मा नेसं एको हीनो एको पणीतो' ति? तं हि तेसं, आनन्द, होति दीघरत्तं अहिताय दुक्खाय।

"तत्रानन्द, य्वायं पुग्गलो उद्धतो होति। तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स तं उद्धच्चं अपरिसेसं निरुज्झति। तस्स सवनेन पि कतं होति, बाहुसच्चेन पि कतं होति, दिट्ठिया पि पटिविद्धं होति, सामायिकं पि विमुत्तिं लभति। अयं आनन्द, पुग्गलो अमुना पुरिमेन पुग्गलेन अभिक्कन्ततरो च पणीततरो च। तं किस्स हेतु? इमं हानन्द, पुग्गलं धम्मसोतो निब्बहति। तदन्तरं को जानेय्य, अञ्ञत्र तथागतेन! तस्मातिह, आनन्द, मा पुग्गलेसु पमाणिका अहुवत्थ: मा पुग्गलेसु पमाणं गण्हित्थ। खञ्ञति हानन्द, पुग्गलेसु पमाणं गण्हन्तो। अहं वा, आनन्द, पुग्गलेसु पमाणं गण्हेय्यं यो वा पनस्स मादिसो।

"का चानन्द, मिगसाला उपासिका बाला अब्यत्ता अम्मका अम्मकपञ्ञा, के च पुरिसपुग्गलपरोपरिये ञाणे! इमे खो, आनन्द, दस पुग्गला सन्तो संविज्जमाना लोकस्मिं।

१५. "यथारूपेन, आनन्द, सीलेन पुराणो समन्नागतो अहोसि तथारूपेन सीलेन इसिदत्तो समन्नागतो अभविस्स, नयिध पुराणो इसिदत्तस्स गतिं पि अञ्ञस्स। यथारूपाय [N.214, R.144] चानन्द, पञ्ञाय इसिदत्तो समन्नागतो अहोसि तथारूपाय पञ्ञाय पुराणो

प्रज्ञाविमुक्ति को यथार्थत: नहीं जानता, जिससे उसका अशेष औद्धत्य निवृत्त हो जाय ...पूर्ववत्... *(पञ्चम अनुबन्ध के समान विस्तार।)*

१४. "यहाँ, आनन्द! कोई पुद्गल उद्धत होता है, परन्तु वह उस चेतोविमुक्ति प्रज्ञाविमुक्ति को भी यथार्थत: जानता है, जिससे उसका अशेष औद्धत्य निरस्त हो जाय। ...पूर्ववत्...। *(षष्ठ अनुबन्ध के समान विस्तार।)* (ङ)

"आनन्द! कहाँ वह मन्दबुद्धि, स्त्री जाति वाली मृगशाला उपासिका और कहाँ विद्वान् पुरुषों की समझ से भी बाहर का यह परम तत्त्वज्ञान!

१५. "आनन्द! जैसे शील से वह पुराण समन्वित था उसी शील से यदि ऋषिदत्त भी समन्वित होता तो पुराण ऋषिदत्त की गति को नहीं जान पाता। और, आनन्द! यदि ऋषिदत्त जैसी

समन्नागतो अभविस्स, नयिध इसिदत्तो पुराणस्स गतिं पि अञ्ञस्स। इति खो, आनन्द, इमे पुग्गला उभो एकङ्गहीना'' ति॥ ●

६. तयोधम्मसुत्तं : १. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मा लोके न संविज्जेय्युं, न तथागतो लोके उप्पज्जेय्य अरहं सम्मासम्बुद्धो, न तथागतप्पवेदितो धम्मविनयो लोके दिब्बेय्य। कतमे तयो? जाति च, जरा च, मरणं च—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मा लोके न संविज्जेय्युं, न तथागतो लोके उप्पज्जेय्य अरहं सम्मासम्बुद्धो, न तथागतप्पवेदितो धम्मविनयो लोके दिब्बेय्य। यस्मा च खो, भिक्खवे, इमे तयो धम्मा लोके संविज्जन्ति तस्मा तथागतो लोके उप्पज्जति अरहं सम्मासम्बुद्धो, तस्मा तथागतप्पवेदितो धम्मविनयो लोके दिब्बति।

२. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे अप्पहाय अभब्बो जातिं पहातुं जरं पहातुं [B.371] मरणं पहातुं। कतमे तयो? रागं अप्पहाय, दोसं अप्पहाय, मोहं अप्पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे अप्पहाय अभब्बो जातिं पहातुं जरं पहातुं मरणं पहातुं।

३. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे अप्पहाय अभब्बो रागं पहातुं दोसं पहातुं मोहं पहातुं। कतमे तयो? सक्कायदिट्ठिं अप्पहाय, विचिकिच्छं अप्पहाय, सीलब्बतपरामासं अप्प-हाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे अप्पहाय अभब्बो रागं पहातुं दोसं पहातुं मोहं पहातुं।

४. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे अप्पहाय अभब्बो सक्कायदिट्ठिं पहातुं [R.145] विचिकिच्छं पहातुं सीलब्बतपरामासं पहातुं। कतमे तयो? अयोनिसो मनसिकारं अप्पहाय,

---

प्रज्ञा से समन्वित था उसी प्रज्ञा से यदि पुराण भी समन्वित होता तो ऋषिदत्त पुराण की गति को नहीं जान पाता। वस्तुतः, आनन्द ये दोनों ही पुद्गल साधना के एक एक अङ्ग से हीन थे॥'' ●

६. धर्मत्रयसूत्र : : धर्मत्रयत्याग के विना दश धर्मों का त्याग असम्भव

१. ''भिक्षुओ! यदि ये तीन धर्म संसार में न होते तो न तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध अवतरित होते और न उनके द्वारा धर्म ही लोक में इतना महत्त्व प्राप्त कर पाता। कौन से तीन धर्म? जाति (जन्म), जरा (बुढ़ापा) एवं मरण। भिक्षुओ! यदि ये तीन धर्म लोक में न होते तो न तथागत अवतरित होते और न उनके द्वारा उपदिष्ट धर्म ही लोक में इतना प्रसिद्ध होता। क्योंकि, भिक्षुओ! लोक में ये तीन धर्म हैं अतः तथागत भी यहाँ अवतरित होते हैं तथा उनके द्वारा उपदिष्ट धर्म भी इतना महत्त्व प्राप्त करता है।

२. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का त्याग किये विना जाति, जरा एवं मरण का प्रहाण नहीं हो सकता। कौन से तीन? राग, द्वेष एवं मोह—इन तीन धर्मों का त्याग किये विना जाति, जरा एवं मरण का प्रहाण असम्भव है।

३. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का त्याग किये विना भी जाति, जरा एवं मरण—इनका प्रहाण नहीं किया जा सकता। किन तीन का? १. सत्कायदृष्टि, २. विचिकित्सा एवं शीलव्रतपरामर्श—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का ह्रास किये विना राग, द्वेष एवं मोह का नाश असम्भव है।

४. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना सत्कायदृष्टि, विचिकित्सा एवं शीलव्रत-

कुम्मग्गसेवनं अप्पहाय, चेतसो लीनत्तं अप्पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे अप्पहाय अभब्बो सक्कायदिट्ठिं पहातुं विचिकिच्छं पहातुं सीलब्बतपरामासं पहातुं।

५. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे अप्पहाय अभब्बो अयोनिसो मनसिकारं पहातुं [N.215] कुम्मग्गसेवनं पहातुं चेतसो लीनत्तं पहातुं। कतमे तयो? मुट्ठसच्चं अप्पहाय, असम्पजञ्ञं अप्पहाय, चेतसो विक्खेपं अप्पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे अप्पहाय अभब्बो अयोनिसो मनसिकारं पहातुं कुम्मग्गसेवनं पहातुं चेतसो लीनत्तं पहातुं।

६. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे अप्पहाय अभब्बो मुट्ठसच्चं पहातुं असम्पजञ्ञं पहातुं चेतसो विक्खेपं पहातुं। कतमे तयो? अरियानं अदस्सनकम्यतं अप्पहाय, अरियधम्मस्स असोतुकम्यतं अप्पहाय, उपारम्भचित्ततं अप्पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे अप्पहाय अभब्बो मुट्ठसच्चं पहातुं असम्पजञ्ञं पहातुं चेतसो विक्खेपं पहातुं।

७. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे अप्पहाय अभब्बो अरियानं अदस्सनकम्यतं पहातुं अरियधम्मस्स असोतुकम्यतं पहातुं उपारम्भचित्ततं पहातुं। कतमे तयो? उद्धच्चं अप्पहाय, [B.372] असंवरं अप्पहाय, दुस्सीलं अप्पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे अप्पहाय अभब्बो अरियानं अदस्सनकम्यतं पहातुं अरियधम्मस्स असोतुकम्यतं पहातुं उपारम्भचित्ततं पहातुं।

[R.146] ८. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे अप्पहाय अभब्बो उद्धच्चं पहातुं असंवरं पहातुं

परामर्श का नाश भी असम्भव है। किन तीन धर्मों का? अनुचित मनःसङ्कल्प, कुमार्ग का आश्रयण, तथा चित्त का सङ्कोच—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का त्याग किये विना सत्कायदृष्टि, विचिकित्सा एवं शीलव्रतपरामर्श का नाश भी असम्भव है।

५. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना अनुचित मनःसङ्कल्प, कुमार्ग का आश्रयण तथा चित्त के सङ्कोच का नाश असम्भव है। कौन से तीन? लुप्तस्मृति, असम्प्रजन्य एवं चित्त का विक्षेप—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का त्याग किये विना अनुचित मनःसङ्कल्प, कुमार्ग का आश्रयण तथा चित्त के सङ्कोच का नाश असम्भव है।

६. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना लुप्तस्मृति, असम्प्रजन्य एवं चित्त के विक्षेप का नाश नहीं किया जा सकता। कौन से तीन? आर्यजनों को न देखने की इच्छा, आर्यधर्मों को न सुनने की इच्छा एवं उपालम्भचित्तता—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना लुप्तस्मृति, असम्प्रजन्य एवं चित्त के विक्षेप का नाश नहीं किया जा सकता।

७. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना आर्यजनों को न देखने की इच्छा, आर्य-धर्मों को न सुनने की इच्छा एवं उपालम्भचित्तता का भी नाश नहीं किया जा सकता। कौन से तीन धर्मों का नाश? उद्धतता, इन्द्रियों का असंयम एवं दुःशीलता—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना आर्यों को न देखने की इच्छा, आर्यधर्मों को न सुनने की इच्छा तथा उपालम्भचित्तता का नाश नहीं किया जा सकता।

८. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना उद्धतता, इन्द्रियों का असंयम एवं

दुस्सील्यं पहातुं। कतमे तयो? अस्सद्धियं अप्पहाय, अवदञ्ञुतं अप्पहाय, कोसज्जं अप्पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे अप्पहाय अभब्बो उद्धच्चं पहातुं असंवरं पहातुं दुस्सील्यं पहातुं।

९. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे अप्पहाय अभब्बो अस्सद्धियं पहातुं अवदञ्ञुतं पहातुं कोसज्जं पहातुं। कतमे तयो? अनादरियं अप्पहाय, दोवचस्सतं अप्पहाय, पापमित्ततं अप्पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे अप्पहाय अभब्बो अस्सद्धियं पहातुं अवदञ्ञुतं पहातुं कोसज्जं पहातुं।

१०. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे अप्पहाय अभब्बो अनादरियं पहातुं दोवचस्सतं पहातुं पापमित्ततं पहातुं। कतमे तयो? अहिरिकं अप्पहाय, अनोत्तप्पं अप्पहाय, पमादं अप्पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे अप्पहाय अभब्बो अनादरियं पहातुं दोवचस्सतं पहातुं पापमित्ततं पहातुं।

११. ''अहिरिकोयं, भिक्खवे, अनोत्तापी पमत्तो होति। सो पमत्तो समानो अभब्बो अनादरियं पहातुं दोवचस्सतं पहातुं पापमित्ततं पहातुं। सो पापमित्तो समानो [N.216] अभब्बो अस्सद्धियं पहातुं अवदञ्ञुतं पहातुं कोसज्जं पहातुं। सो कुसीतो समानो अभब्बो उद्धच्चं पहातुं असंवरं पहातुं दुस्सील्यं पहातुं। सो दुस्सीलो समानो अभब्बो अरियानं अदस्सनकम्यतं पहातुं अरियधम्मस्स असोतुकम्यतं पहातुं उपारम्भचित्ततं पहातुं। सो उपारम्भचित्तो समानो अभब्बो मुट्ठस्सच्चं पहातुं असम्पजञ्ञं पहातुं चेतसो विक्खेपं [R.147]

दु:शीलता का नाश भी नहीं किया जा सकता। कौन से तीन धर्म? अश्रद्धा, अवदान्यता (अनुदारता) एवं कौसीद्य (आलस्य)—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना उद्धतता, इन्द्रियों का असंयम एवं दुश्शीलता का भी नाश नहीं किया जा सकता।

९. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना अश्रद्धा, अवदान्यता एवं कौसीद्य का भी प्रहाण नहीं किया जा सकता। कौन से तीन? अनादर, अनाज्ञाकारिता (अवज्ञा) एवं पापमित्रता। भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का त्याग किये विना अश्रद्धा, अवदान्यता एव कौसीद्य का प्रहाण असम्भव है।

१०. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना, अनादर, अवज्ञा एवं पापमित्रता का नाश भी असम्भव है। कौन से तीन? निर्लज्जता, अपापभीरुता एवं प्रमाद—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का नाश किये विना अनादर, अवज्ञा एवं पापमित्रता का नाश भी असम्भव है।

११. क्योंकि, भिक्षुओ! निर्लज्ज पुरुष पापकर्म करने से न डरता हुआ प्रमत्त होकर साधना करता है। वह प्रमत्त होकर भी किसी का अनादर या अवज्ञा न करे तथा पापियों की सङ्गति छोड़ दे—यह सम्भव नहीं है। इस प्रकार वह पापियों की सङ्गति करता हुआ अश्रद्धा, अनुदारता एवं आलस्य को त्याग दे—यह भी सम्भव नहीं है। पुन: वह आलसी होता हुआ भी औद्धत्य, इन्द्रियों का असंयम एवं दुश्शीलता त्याग दे—यह भी सम्भव नहीं है। वह दुश्शील होता हुआ भी आर्यों के दर्शन की इच्छा, आर्यधर्मों के श्रवण की इच्छा, या उनकी निन्दा न करने का मन बनायगा—यह भी

पहातुं। सो विक्खित्तचित्तो समानो अभब्बो अयोनिसो मनसिकारं पहातुं कुम्मग्गसेवनं पहातुं विचिकिच्छं पहातुं सीलब्बतपरामासं पहातुं। सो विचिकिच्छो समानो अभब्बो रागं पहातुं [B.373] दोसं पहातुं मोहं पहातुं। सो रागं अप्पहाय दोसं अप्पहाय मोहं अप्पहाय अभब्बो जातिं पहातुं जरं पहातुं मरणं पहातुं॥

१२. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे पहाय भब्बो जातिं पहातुं जरं पहातुं मरणं पहातुं। कतमे तयो? रागं पहाय, दोसं पहाय, मोहं पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे पहाय भब्बो जातिं पहातुं जरं पहातुं मरणं पहातुं।

१३. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे पहाय भब्बो रागं पहातुं दोसं पहातुं मोहं पहातुं। कतमे तयो? सक्कायदिट्ठिं पहाय, विचिकिच्छं पहाय, सीलब्बतपरामासं पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे पहाय भब्बो रागं पहातुं दोसं पहातुं मोहं पहातुं।

१४. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे पहाय भब्बो सक्कायदिट्ठिं पहातुं विचिकिच्छं पहातुं सीलब्बतपरामासं पहातुं। कतमे तयो? अयोनिसो मनसिकारं पहाय, कुम्मग्गसेवनं पहाय, चेतसो लीनत्तं पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे पहाय भब्बो सक्कायदिट्ठिं पहातुं विचिकिच्छं पहातुं सीलब्बतपरामासं पहातुं।

१५. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे पहाय भब्बो अयोनिसो मनसिकारं पहातुं कुम्मग्ग-

---

सम्भव नहीं है। वह उन (आर्यजनों एवं आर्यधर्मों) की निन्दा करता हुआ अपनी लुप्तस्मृति का, असम्प्रजन्य का या चित्तविक्षेप का परिमार्जन कर सकेगा—यह भी सम्भव नहीं है। वह विक्षिप्तचित्त होता हुआ अनुचित मन:सङ्कल्प (अयोनिशो मनस्कार), कुमार्गगमन एवं चित्त के सङ्कोच को त्याग देगा—यह भी सम्भव नहीं है। इस प्रकार वह चित्त से सङ्कुचित होता हुआ सत्कायदृष्टि, विचिकित्सा एवं शीलव्रतपरामर्श को छोड़ देगा—यह भी सम्भव नहीं है। वह सर्वत्र सन्दिग्धदृष्टि होता हुआ राग, द्वेष एवं मोह का त्याग कर सकेगा—यह भी सम्भव नहीं है। तब वह इन राग, द्वेष एवं मोह को न छोड़ता हुआ भी जाति, जरा एवं मरण से मुक्त रह सकेगा—यह कथमपि सम्भव नहीं है। (क)

१२. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के त्याग से जाति, जरा एवं मरण का त्याग सम्भव है। कौन से तीन धर्मों के त्याग से? राग के त्याग से, द्वेष के त्याग से तथा मोह के त्याग से। भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के त्याग से जाति, जरा एवं मरण का प्रहाण सर्वथा सम्भव है।

१३. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से राग, द्वेष एवं मोह का प्रहाण किया जा सकता है। किन तीन धर्मों के प्रहाण से? सत्कायदृष्टि, विचिकित्सा एवं शीलव्रतपरामर्श के प्रहाण से। भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से राग, द्वेष एवं मोह का प्रहाण सम्भव है।

१४. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से सत्कायदृष्टि, विचिकित्सा एवं शीलव्रतपरामर्श का प्रहाण किया जा सकता है। किन तीन धर्मों के प्रहाण से? अनुचित मन:सङ्कल्प, कुमार्गगमन एवं चित्त के सङ्कोच के त्याग से। भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से सत्कायदृष्टि, विचिकित्सा एव शीलव्रतपरामर्श का प्रहाण किया जा सकता है।

सेवनं पहातुं चेतसो लीनत्तं पहातुं। कतमे तयो? मुट्ठसच्चं पहाय, असम्पजञ्ञं पहाय, चेतसो विक्खेपं पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे पहाय भब्बो अयोनिसो मनसिकारं पहातुं कुम्मग्गसेवनं पहातुं चेतसो लीनत्तं पहातुं।

१६. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे पहाय भब्बो मुट्ठसच्चं पहातुं [N.217, R.148] असम्पजञ्ञं पहातुं चेतसो विक्खेपं पहातुं। कतमे तयो? अरियानं अदस्सनकम्यतं पहाय, अरियधम्मस्स असोतुकम्यतं पहाय, उपारम्भचित्ततं पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे पहाय भब्बो मुट्ठसच्चं पहातुं असम्पजञ्ञं पहातुं चेतसो विक्खेपं पहातुं।

१७. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे पहाय भब्बो अरियानं अदस्सनकम्यतं पहातुं अरियधम्मस्स असोतुकम्यतं पहातुं उपारम्भचित्ततं पहातुं। कतमे तयो? उद्धच्चं [B.374] पहाय, असंवरं पहाय, दुस्सील्यं पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे पहाय भब्बो अरियानं अदस्सनकम्यतं पहातुं अरियधम्मस्स असोतुकम्यतं पहातुं उपारम्भचित्ततं पहातुं।

१८. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे पहाय भब्बो उद्धच्चं पहातुं असंवरं पहातुं दुस्सीलं पहातुं। कतमे तयो? असद्धियं पहाय, अवदञ्ञुतं पहाय, कोसज्जं पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे पहाय भब्बो उद्धच्चं पहातुं असंवरं पहातुं दुस्सीलं पहातुं।

१९. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे पहाय भब्बो असद्धियं पहातुं अवदञ्ञुतं पहातुं कोसज्जं पहातुं! कतमे तयो? अनादरियं पहाय, दोवचस्सतं पहाय, पापमित्ततं पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे पहाय भब्बो असद्धियं पहातुं अवदञ्ञुतं पहातुं कोसज्जं पहातुं।

---

१५. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से अनुचित मनःसङ्कल्प, कुमार्गगमन एवं चित्त के सङ्कोच का प्रहाण किया जा सकता है। कौन तीन? लुप्तस्मृतिता, असम्प्रजन्य तथा चित्तविक्षेप का त्याग। भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से अनुचित मनःसङ्कल्प, कुमार्गसेवन एवं चित्त के सङ्कोच का त्याग किया जा सकता है।

१६. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से लुप्तस्मृतिता, असम्प्रजन्य तथा चित्तविक्षेप का त्याग किया जा सकता है। कौन तीन? आर्यजनों के न देखने की इच्छा, आर्य धर्मों को न सुनने की इच्छा तथा उपालम्भचित्तता—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों का प्रहाण कर लुप्तस्मृतिता, असम्प्रजन्य एवं चित्तविक्षेप का प्रहाण किया जा सकता है।

१७. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से आर्यों के दर्शन के प्रति अनिच्छा, आर्यधर्मों के श्रवण के प्रति अनिच्छा तथा उपालम्भचित्तता का प्रहाण किया जा सकता है। किन तीन धर्मों के? उद्धतता, इन्द्रियों का असंयम तथा दुःशीलता—इन तीन धर्मों के त्याग से आर्यों के दर्शन के प्रति अनिच्छा—आदि का प्रहाण किया जा सकता है।

१८. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों को त्यागकर, औद्धत्य, इन्द्रियों के असंयम एवं दुःशीलता का त्याग किया जा सकता है। किन तीन धर्मों का? अश्रद्धा, अवदान्यता (अनुदारता) एवं कौसीद्य (आलस्य)—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से औद्धत्य, इन्द्रियों के असंयम तथा दुःशीलता का प्रहाण किया जा सकता है।

२०. ''तयोमे, भिक्खवे, धम्मे पहाय भब्बो अनादरियं पहातुं दोवचस्सतं पहातुं पापमित्ततं पहातुं। कतमे तयो ? अहिरिकं पहाय, अनोत्तप्पं पहाय, पमादं पहाय—इमे खो, भिक्खवे, तयो धम्मे पहाय भब्बो अनादरियं पहातुं दोवचस्सतं पहातुं पापमित्ततं पहातुं।

२१. ''हिरीमा, भिक्खवे, ओत्तापी अप्पमत्तो होति। सो अप्पमत्तो समानो भब्बो अनादरियं पहातुं दोवचस्सतं पहातुं पापमित्ततं पहातुं। सो कल्याणमित्तो समानो भब्बो [R.149] अस्सद्धियं पहातुं अवदञ्ञुतं पहातुं कोसज्जं पहातुं। सो आरद्धविरियो समानो भब्बो उद्धच्चं पहातुं असंवरं पहातुं दुस्सील्यं पहातुं। सो सीलवा समानो भब्बो अरियानं [N.218] अदस्सनकम्यतं पहातुं अरियधम्मस्स असोतुकम्यतं पहातुं उपारम्भचित्ततं पहातुं। सो अनुपारम्भचित्तो समानो भब्बो मुट्ठसच्चं पहातुं असम्पजञ्ञं पहातुं चेतसो विक्खेपं पहातुं। सो अविक्खित्तचित्तो समानो भब्बो अयोनिसो मनसिकारं पहातुं कुम्मग्गसेवनं पहातुं चेतसो लीनत्तं पहातुं। सो अलीनचित्तो समानो भब्बो सक्कायदिट्ठिं पहातुं विचिकिच्छं पहातुं [B.375] सीलब्बतपरामासं पहातुं। सो अविचिकिच्छो समानो भब्बो रागं पहातुं दोसं पहातुं मोहं पहातुं। सो रागं पहाय दोसं पहाय मोहं पहाय भब्बो जातिं पहातुं जरं पहातुं मरणं पहातुं'' ति॥ ●

७. काकसुत्तं : १. ''दसहि, भिक्खवे, असद्धम्मेहि समन्नागतो काको। कतमेहि दसहि ? धंसी च, पगब्भो च, तिन्तिणो च, महग्घसो च, लुद्धो च, अकारुणिको च, दुब्बलो

---

१९. ''भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से अश्रद्धा, अवदान्यता एवं कौसीद्य का प्रहाण किया जा सकता है। किन तीन धर्मों के प्रहाण से ? अनादर, अवज्ञा एवं पापमित्रता—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से अश्रद्धा एवं अवदान्यता और पापमित्रता का प्रहाण किया जा सकता है।

२०. ''भिक्षुओ! इन तीनों धर्मों का प्रहाण कर अनादर, अवज्ञा एवं पापमित्रता का प्रहाण किया जा सकता है। किन तीन धर्मों के ? निर्लज्जता, अपापभीरुता, एवं प्रमाद—भिक्षुओ! इन तीन धर्मों के प्रहाण से अनादर, अवज्ञा एवं पापमित्रता का प्रहाण किया जा सकता है।

२१. ''भिक्षुओ! लज्जा के कारण कोई पुद्गल पापभीरु एवं अप्रमत्त (सावधान) हो जाता है। वह अप्रमत्त होता हुआ वह अनादर, अवज्ञा एवं पापमित्रता के प्रहाण में समर्थ हो सकता है। वह सबका कल्याणमित्र होता हुआ अश्रद्धा, अनुदारता एवं आलस्य का त्याग कर सकता है। वह उद्योग करता हुआ औद्धत्य, इन्द्रियों के असंयम एवं दुःशीलता को त्याग सकता है। वह शीलवान् होता हुआ आर्यों के दर्शन में अनिच्छा, आर्यधर्मों के श्रवण में अनिच्छा एवं उपालम्भचित्तता—इन धर्मों को त्याग सकता है। वह आर्यों को उपालम्भ न देता हुआ लुप्तस्मृतिता, असम्प्रजन्य एवं चित्तविक्षेप को त्याग सकता है। वह अविक्षिप्तचित्त होता हुआ अनुचित मनःसङ्कल्प, कुमार्गसेवन एवं चित्तसङ्कोच—इन धर्मों को त्याग सकता है। वह उदारचित्त होता हुआ सत्कायदृष्टि, विचिकित्सा एवं शीलव्रतपरामर्श का भी त्याग कर सकता है। वह अविचिकित्स होता हुआ राग, द्वेष एवं मोह का प्रहाण कर सकता है। तब वह राग, द्वेष एवं मोह का प्रहाण करता हुआ जाति, जरा एवं मरण के प्रहाण में भी समर्थ हो सकता है॥' ●

च, ओरविता च, मुट्ठस्सति च, नेचयिको च—इमेहि खो, भिक्खवे, दसहि असद्धम्मेहि समन्नागतो काको। एवमेव खो, भिक्खवे, दसहि असद्धम्मेहि समन्नागतो पापभिक्खु। कतमेहि दसहि? धंसी च, पगब्भो च, तिन्तिणो च, महग्घसो च, लुद्धो च, अकारुणिको च, दुब्बलो च, ओरविता च, मुट्ठस्सति च, नेचयिको च—इमेहि खो, भिक्खवे, दसहि असद्धम्मेहि समन्नागतो पापभिक्खू'' ति॥ ●

८. निगण्ठसुत्तं : १. ''दसहि, भिक्खवे, असद्धम्मेहि समन्नागता [R.150] निगण्ठा। कतमेहि दसहि? असद्धा, भिक्खवे, निगण्ठा; दुस्सीला, भिक्खवे, निगण्ठा; अहिरिका, भिक्खवे, निगण्ठा; अनोत्तप्पिनो, भिक्खवे, निगण्ठा; असप्पुरिससम्भत्तिनो, भिक्खवे, निगण्ठा; अत्तुक्कंसकपरवम्भका, भिक्खवे, निगण्ठा; सन्दिट्ठिपरामासा आधानग्गाही दुप्पटिनिस्सग्गिनो, भिक्खवे, निगण्ठा; कुहका, भिक्खवे, निगण्ठा; पापिच्छा, भिक्खवे, निगण्ठा; पापमित्ता, भिक्खवे, निगण्ठा—इमेहि खो, भिक्खवे, दसहि असद्धम्मेहि समन्नागता निगण्ठा'' ति॥ ●

९. आघातवत्थुसुत्तं : १. ''दसयिमानि, भिक्खवे, आघातवत्थूनि। [N.219] कतमानि दस? 'अनत्थं मे अचरी' ति आघातं बन्धति; 'अनत्थं मे चरती' ति आघातं

---

७. काकसूत्र : : दश पापधर्मों से युक्त कौआ एवं भिक्षु

१. ''भिक्षुओ! कौआ (काक) इन दश असत् धर्मों से युक्त होता है। किन दश से? १. वह ध्वंसी (नष्ट-भ्रष्ट करने वाला) होता है, २. वह प्रगल्भ (चालाक) होता है, ३. वह तिन्तिण (लालची) होता है, ४. बहुत अधिक खाने वाला (पेटू) होता है, ५. लोभी होता है, ६. निर्दय होता है, ७. दुर्बल (डरपोक) होता है, ८. व्यर्थ चिल्लाता है, ९. विस्मरणशील होता है तथा १०. नैचयिक (परिग्रही) होता है। भिक्षुओ! कौआ इन दश असत् धर्मों से युक्त होता है। इसी प्रकार, भिक्षुओ! कोई पापभिक्षु भी दश असद्धर्मों से युक्त होता है। किन दश असत् धर्मों से? वह ध्वंसी ...पूर्ववत्... नैचयिक (परिग्रही) होता है। भिक्षुओ! कोई पापभिक्षु इन दश असद्धर्मों से युक्त होता है॥'' ●

८. निगण्ठसूत्र : : दश असद्धर्मों से युक्त निर्ग्रन्थ (जैन)

१. ''भिक्षुओ! ये निर्ग्रन्थ (जैन मतानुयायी) श्रमण दश असद्धर्मों से युक्त होते हैं। किन दश से? (१) ये निर्ग्रन्थ रत्नत्रय के प्रति अश्रद्धालु होते हैं, (२) ये दुःशील होते हैं, (३) ये लज्जारहित होते हैं, (४) ये पापभीरुता से रहित होते हैं, (५) ये असत्पुरुषों के साथी होते हैं, (६) ये अपनी बड़ाई तथा दूसरों की निन्दा करने वाले होते हैं (७) ये निरर्थक शीलव्रतों के भ्रम में पड़े रहते हैं, दुराग्राह, एवं अनुचित का त्याग बहुत कठिनता से करते है, (८) ये कृत्रिम आचरण वाले (ढोंगी) होते हैं, (९) ये पापेच्छु होते हैं तथा (१०) ये पापियों को मित्र बनाना अच्छा समझते हैं—भिक्षुओ! ये निर्ग्रन्थ इन दश धर्मों से युक्त होते हैं''॥ ●

९. आघातवस्तुसूत्र : : दश आघातवस्तुएँ

१. ''भिक्षुओ! ये दश द्वेषोत्पादक बातें हैं। कौन सी दश? (१) 'इसने मेरा अनर्थ किया'—इस कारण कोई द्वेष बाँध लेता है, (२) 'यह मेरा अनर्थ कर रहा है'—इस कारण कोई द्वेष बाँध

बन्धति; 'अनत्थं मे चरिस्सती' ति आघातं बन्धति; 'पियस्स मे मनापस्स अनत्थं अचरी' ति ...पे०... 'अनत्थं चरती' ति ...पे०... 'अनत्थं चरिस्सती' ति आघातं बन्धति, 'अप्पियस्स मे अमनापस्स अत्थं अचरी' ति ...पे०... 'अत्थं चरती' ति ...पे०... अत्थं चरिस्सती ति [B.376] आघातं बन्धति; अट्ठाने च कुप्पति—इमानि खो, भिक्खवे, दस आघातवत्थूनी'' ति॥ ●

१०. आघातपटिविनयसुत्तं : १. ''दसयिमे, भिक्खवे, आघातपटिविनया। कतमे दस? 'अनत्थं मे अचरि, तं कुतेत्थ लब्भा' ति आघातं पटिविनेति, 'अनत्थं मे चरति, तं [R.151] कुतेत्थ लब्भा' ति आघातं पटिविनेति, 'अनत्थं मे चरिस्सति, तं कुतेत्थ लब्भा' ति आघातं पटिविनेति, पियस्स मे मनापस्स अनत्थं अचरि ...पे०... चरति ...पे०... चरिस्सति, तं कुतेत्थ लब्भा ति आघातं पटिविनेति, अप्पियस्स मे अमनापस्स अत्थं अचरि ...पे०... अत्थं चरति ...पे०... अत्थं चरिस्सति, तं कुतेत्थ लब्भा ति आघातं पटिविनेति, अट्ठाने च न कुप्पति—इमे खो, भिक्खवे, दस आघातपटिविनया'' ति॥ ●

आकङ्खवग्गो अट्ठमो॥

तस्सुद्दानं

आकङ्खो कण्टको इट्ठा, वड्ढि च मिगसालाय।
तयो धम्मा च काको च, निगण्ठा द्वे च आघाता ति॥

लेता है; (३) 'यह मेरा अनर्थ करेगा'—इस कारण कोई द्वेष बाँध लेता है; (४) 'इसने मेरे प्रिय का अनर्थ किया'—इस कारण..., (५) 'यह मेरे प्रिय का अनर्थ करता है'—इस कारण..., (६) 'यह मेरे प्रिय का अनर्थ करेगा'—इस कारण...। (७) 'इसने मेरे अप्रिय (विरोधी) का हित किया'—इस कारण..., (८) 'यह मेरे विरोधी का हित करता है'—इस कारण..., (९) 'यह मेरे विरोधी का हित करेगा'—इस कारण कोई द्वेष बाँध लेता है तथा (१०) असमय में तथा प्रसङ्ग न होने पर भी क्रोध करता रहता है—भिक्षुओ! इन दश बातों से किसी के साथ द्वेष बँधता है॥'' ●

१०. आघातप्रतिविनयसूत्र : : द्वेश शामक दश वस्तुएँ

१. ''भिक्षुओ! ये दश बातें आघात (द्वेष) शामक होती हैं। कौन सी दश? (१) 'इसने मेरा अनर्थ किया—यह कैसे सम्भव है'—यह सोचकर द्वेष शान्त कर लेता है; (२) 'यह मेरा अनर्थ करता है—यह कैसे सम्भव है'—यह सोचकर...; (३) 'यह मेरा अनर्थ करेगा—यह कैसे सम्भव है'—यह सोचकर...; (४) 'इसने मेरे प्रिय का अनर्थ किया—यह कैसे सम्भव है'—यह सोचकर...; (५) 'यह मेरे प्रिय का अनर्थ करता है—यह कैसे सम्भव है'—यह सोचकर...; (६) 'यह मेरे प्रिय का अनर्थ करेगा—यह कैसे सम्भव है'—यह सोचकर...; (७) 'इसने मेरे अप्रिय का हित किया—यह कैसे सम्भव है'—यह सोचकर..., (८) 'यह मेरे अप्रिय का हित करता है—यह कैसे सम्भव है'—यह सोचकर...; (९) 'यह मेरे अप्रिय का हित करेगा—यह कैसे सम्भव है'—यह सोचकर द्वेष शान्त कर लेता है; तथा (१०) समय तथा प्रसङ्ग आने पर भी क्रोध नहीं करता—भिक्षुओ! ये दश वस्तुएँ द्वेषशामक होती हैं॥'' ●

९. थेरवग्गो

१. वाहनसुत्तं : १. एकं समयं भगवा चम्पायं विहरति गग्गराय पोक्खरणिया तीरे। अथ खो आयस्मा वाहनो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं [N.220] अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा वाहनो भगवन्तं एतदवोच—

२. ''कतीहि नु खो, भन्ते धम्मेहि तथागतो निस्सटो विसंयुत्तो विप्पमुत्तो विमरियादीकतेन चेतसा विहरती'' ति?

३. ''दसहि खो, वाहन, धम्मेहि तथागतो निस्सटो विसंयुत्तो विप्पमुत्तो [R.152] विमरियादीकतेन चेतसा विहरति। कतमेहि दसहि? रूपेन खो, वाहन, तथागतो निस्सटो विसंयुत्तो विप्पमुत्तो विमरियादीकतेन चेतसा विहरति, वेदनाय खो, वाहन ...पे०... [B.377] सञ्ञाय खो, वाहन,... सङ्खारेहि खो, वाहन... विञ्ञाणेन खो, वाहन... जातिया खो, वाहन... जराय खो, वाहन... मरणेन खो, वाहन... दुक्खेहि खो, वाहन... किलेसेहि खो, वाहन, तथागतो निस्सटो विसंयुत्तो विप्पमुत्तो विमरियादीकतेन चेतसा विहरति। सेय्यथापि, वाहन, उप्पलं वा पदुमं वा पुण्डरीकं वा उदके जातं उदके संवड्ढं उदका पच्चुग्गम्म ठितं अनुपलित्तं उदकेन; एवमेव खो, वाहन, इमेहि दसहि धम्मेहि तथागतो निस्सटो विसंयुत्तो विप्पमुत्तो विमरियादीकतेन चेतसा विहरती'' ति॥ ●

इस वर्ग (में व्याख्यात सूत्रों) की सूची

१. आकांक्षसूत्र, २. कण्टकसूत्र, ३. इष्टधर्मसूत्र, ४. वृद्धिसूत्र, ५. मृगशालासूत्र, ६. धर्मत्रय-सूत्र, ७. काकसूत्र, ८. निगण्ठसूत्र, ९. आघातवस्तुसूत्र एवं १०. आघातप्रतिविनयसूत्र॥ ●

९. स्थविर वर्ग

१. वाहनसूत्र : : तथागत की दश धर्मों से युक्त साधना

१. एक समय भगवान् चम्पानदी की गग्गरा नामक पुष्करिणी के तीर पर साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय आयुष्मान् वाहन भगवान् के सम्मुख आये ...पूर्ववत्... यह जिज्ञासा प्रकट की—

२. ''भन्ते! किन धर्मों से युक्त होकर तथागत लोक में किससे निःसृत (दूर) रहते हुए, कोई सम्पर्क न रखते हुए, विप्रमुक्त हुए, तथा विमर्यादीकृत (निःसीम) चित्त से साधनारत रहते हैं?''

३. ''वाहन! तथागत दश धर्मों से युक्त होकर लोक में ...पूर्ववत्... साधना करते हैं। किन दश धर्मों से? (१) तथागत रूप से ...पूर्ववत्... (२) वेदना से..., (३) संज्ञा से..., (४) संस्कारों से..., (५) विज्ञान से..., (६) जाति से..., (७) जरा से..., (८) मरण से..., (९) दुःखों से..., (१०) क्लेशों से निःसृत, वियुक्त एवं विप्रमुक्त रहते हुए विमर्यादीकृत चित्त से साधना करते हैं। वाहन! जैसे कोई उत्पल (नीलकमल), पद्म (श्वेत कमल), या पुण्डरीक (रक्तकमल) जल में

२. आनन्दसुत्तं : १. अथ खो आयस्मा आनन्दो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं आनन्दं भगवा एतदवोच—

२. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'अस्सद्धो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

३. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'दुस्सीलो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

४. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'अप्पस्सुतो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

५. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'दुब्बचो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं [R.153] वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

[N.221] ६. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'पापमित्तो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

७. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'कुसीतो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

८. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'मुट्ठस्सति समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

[B.378] ९. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'असन्तुट्ठो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

उत्पन्न होकर भी, बढ़ता हुआ भी जल से ऊपर उठकर जल से असम्पृक्त रहता है; इसी प्रकार, वाहन! इन दश धर्मों से मुक्त तथागत ...पूर्ववत्... चित्त से साधना करते हैं॥''

२. आनन्दसूत्र : : धर्मविनय में अवृद्धि एवं वृद्धिकारक दश धर्म

१. तब आयुष्मान् आनन्द भगवान् के पास आये ...पूर्ववत्... आयुष्मान् आनन्द को भगवान् ने यह उपदेश किया—

२. ''आनन्द! इस धर्मविनय में **अश्रद्धालु** रहता हुआ कोई भिक्षु वृद्धि या विरूढ़ि (उन्नति) पा लेगा—यह सम्भव नहीं है। (१)

३. ''आनन्द! **दुःशील** होकर भी कोई भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्...। (२)

४. ''आनन्द **अल्पश्रुत** होकर भी कोई भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्...। (३)

५. ''आनन्द! **दुर्वच** (अनाज्ञाकारी) हो कर भी कोई भिक्षु इस धर्म विनय में ...पूर्ववत्...। (४)

६. ''आनन्द! **पापियों के संसर्ग में रहने वाला** कोई भिक्षु इस ...पूर्ववत्...। (५)

७. ''आनन्द! साधना में **आलसी** होता हुआ भी कोई भिक्षु इस ...पूर्ववत्...। (६)

१०. "सो वतानन्द, भिक्खु 'पापिच्छो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

११. "सो वतानन्द, भिक्खु 'मिच्छादिट्ठिको समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति।

"सो वतानन्द, भिक्खु 'इमेहि दसहि धम्मेहि समन्नागतो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति॥

१२. "सो वतानन्द, भिक्खु 'सद्धो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

१३. "सो वतानन्द, भिक्खु 'सीलवा समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

१४. "सो वतानन्द, भिक्खु 'बहुस्सुतो सुतधरो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

१५. "सो वतानन्द, भिक्खु 'सुवचो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

१६. "सो वतानन्द, भिक्खु 'कल्याणमित्तो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

१७. "सो वतानन्द, भिक्खु 'आरद्धविरियो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

---

८. "आनन्द! साधना में **विस्मृति करने वाला** कोई भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्... । (७)

९. "आनन्द! **असन्तुष्ट** रहनेवाला कोई भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्... । (८)

१०. "आनन्द! **पापवासना रखने वाला** कोई भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्... । (९)

११. "आनन्द! **मिथ्यादृष्टि** कोई भिक्षु इस धर्मविनय में वृद्धि ...पूर्ववत्... । (१०)

"आनन्द! इन दश धर्मों से युक्त कोई भिक्षु इस धर्मविनय में वृद्धि या उन्नति प्राप्त कर सकेगा—यह सम्भव नहीं है॥ (क)

१२. "आनन्द! इस धर्मविनय में **श्रद्धालु** होता हुआ ही कोई भिक्षु वृद्धि या उन्नति प्राप्त कर ले—यह सम्भव है। (१)

१३. "आनन्द! कोई **शीलवान्** भिक्षु इस धर्मविनय में...पूर्ववत्... । (२)

१४. "आनन्द! कोई **बहुश्रुत** श्रुतधर एवं श्रुतसन्निचय भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्... । (३)

१५. "आनन्द! कोई **आज्ञाकारी (विनम्र)** भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्... । (४)

१६. "आनन्द! कोई **कल्याणमित्र** भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्... । (५)

१७. "आनन्द! कोई **उदयोगरत** भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्... । (६)

१८. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'उपट्ठितस्सति समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं [R.154] विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

[N.222] १९. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'सन्तुट्ठो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

२०. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'अपिच्छो समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

[B.379] २१. ''सो वतानन्द, भिक्खु 'समादिट्ठिको समानो इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जति।

३. पुण्णियसुत्तं : १. अथ खो आयस्मा पुण्णियो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा पुण्णियो भगवन्तं एतदवोच—

२. ''को नु खो, भन्ते, हेतु को पच्चयो येन अप्पेकदा तथागतं धम्मदेसना पटिभाति अप्पेकदा नप्पटिभाती'' ति ?

३. ''सद्धो च, पुण्णिय, भिक्खु होति, नो च उपसङ्कमिता; नेव ताव तथागतं धम्मदेसना पटिभाति। यतो च खो, पुण्णिय, भिक्खु सद्धो च होति उपसङ्कमिता च, एवं तथागतं धम्मदेसना पटिभाति।

४. ''सद्धो च, पुण्णिय, भिक्खु होति उपसङ्कमिता च, नो च पयिरुपासिता

---

१८. ''आनन्द! कोई **स्मृतिमान्** भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्...। (७)

१९. ''आनन्द! **सन्तुष्ट** रहता हुआ कोई भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्...। (८)

२०. ''आनन्द! **अल्पेच्छ** रहता हुआ कोई भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्...। (९)

२१. ''आनन्द! **सम्यग्दृष्टि** रहता हुआ कोई भिक्षु इस धर्मविनय में ...पूर्ववत्...। (१०)

''आनन्द! कोई इन दश धर्मों से युक्त भिक्षु ही इस धर्मविनय में वृद्धि या उन्नति कर सकेगा—यह सम्भव है॥''

३. पुण्णियसूत्र : : भगवान् की धर्मदेशना

१. तब आयुष्मान् पुण्णिय जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचे...भगवान् से यह जिज्ञासा प्रकट की—

२. ''भन्ते! इसमें क्या कारण है, क्या प्रत्यय है कि कभी भगवान् किसी को धर्मदेशना करना चाहते हैं, कभी नहीं?''

३. ''पुण्णिय! कोई भिक्षु श्रद्धालु होते हुए भी तथागत के सम्मुख नहीं आता, उसको भगवान् धर्मदेशना नहीं करते। परन्तु जो श्रद्धालु भी है तथा उनके सम्मुख भी आता है उसको ही भगवान् धर्मदेशना करते हैं। (१)

४. ''पुण्णिय! जो भिक्षु श्रद्धालु भी होता है, भगवान् के सम्मुख भी आता है, परन्तु उनकी

...पे०... पयिरुपासिता च, नो च परिपुच्छिता... परिपुच्छिता च, नो च ओहितसोतो धम्मं सुणाति... ओहितसोतो च धम्मं सुणाति, नो च सुत्वा धम्मं धारेति... सुत्वा च धम्मं धारेति, नो च धातानं धम्मानं अत्थं उपपरिक्खति... धातानं च धम्मानं अत्थं उपपरिक्खति नो च अत्थमञ्ञाय धम्ममञ्ञाय धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो होति... अत्थमञ्ञाय धम्म- [R.155] मञ्ञाय धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो च होति, नो च कल्याणवाचो होति कल्याणवाक्करणो पोरिया वाचाय समन्नागतो विस्सट्ठाय अनेलगळाय अत्थस्स विञ्ञापनिया... कल्याणवाचो च होति कल्याणवाक्करणो पोरिया वाचाय समन्नागतो विस्सट्ठाय अनेलगळाय अत्थस्स विञ्ञापनिया, नो च सन्दस्सको होति समादपको समुत्तेजको सम्पहंसको [N.223] सब्रह्मचारीनं, नेव ताव तथागतं धम्मदेसना पटिभाति।

५. ''यतो च खो, पुण्णिय, भिक्खु सद्धो च होति, उपसङ्कमिता च, पयिरुपासिता च, परिपुच्छिता च, ओहितसोतो च धम्मं सुणाति, सुत्वा च धम्मं धारेति, धातानं च धम्मानं अत्थं उपपरिक्खति, अत्थमञ्ञाय धम्ममञ्ञाय धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो च होति, [B.380] कल्याणवाचो च होति कल्याणवाक्करणो पोरिया वाचाय समन्नागतो विस्सट्ठाय अनेल-गळाय अत्थस्स विञ्ञापनिया, सन्दस्सको च होति समादपको समुत्तेजको सम्पहंसको सब्रह्मचारीनं—एवं तथागतं धम्मदेसना पटिभाति। इमेहि खो, पुण्णिय, दसहि धम्मेहि समन्नागता एकन्तपटिभाना तथागतं धम्मदेसना होती'' ति॥ ●

४. व्याकरणसुत्तं : १. तत्र खो आयस्मा महामोग्गल्लानो भिक्खू आमन्तेसि—

पर्युपासना (सेवा) नहीं करता ...पूर्ववत्...पर्युपासना भी करता है, परन्तु प्रश्न नहीं करता...प्रश्न भी करता है परन्तु (तथागतदेशना को) ध्यान से सुनता नहीं है...ध्यान से सुनता भी है, परन्तु उस सुने हुए को धारण नहीं करता... सुनकर धर्म को धारण भी कर लेता है, परन्तु उसके अर्थज्ञान में सचेष्ट नहीं होता... अर्थज्ञान में भी सचेष्ट होता है, परन्तु अर्थ को जानकर भी, धर्म को जानकर भी तदनुसार आचरण नहीं करता... तदनुसार आचरण भी करता है, परन्तु कल्याणकारी वाणी नहीं बोलता... कल्याणमयी वाणी भी बोलता है, परन्तु वह साथियों के लिये सन्दर्शक समादपक नहीं होता। ऐसे भिक्षु को तथागत धर्मदेशना नहीं करते। (२-१०)

५. ''पुण्णिय! जो भिक्षु तथागत के प्रति श्रद्धालु भी होता है, सम्मुख भी आता है, सम्मुख आकर उनकी पर्युपासना भी करता है, प्रश्न भी करता है, मन लगाकर धर्मश्रवण करता है, सुनकर उसको धारण करता है, उसका अर्थज्ञान करता है, अर्थ जानकर धर्म जानकर तदनुसार आचरण करता है, तथा कल्याणवाक् होकर साथियों को मधुर वाणी में उपदेश करता है, तथा उनको धर्म के प्रति समुत्तेजित एवं सम्प्रहृष्ट करता है—ऐसे भिक्षु को तथागत धर्मदेशना करते हैं। (१-१०)

''पुण्णिय! तथागत इन दश धर्मों से युक्त भिक्षु को ही एकान्तज्ञानयुक्त धर्मदेशना करते हैं॥'' ●

४. व्याकरणसूत्र : : धर्मों का दशविध व्याकरण

१. वहाँ आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने भिक्षुओं को ...पूर्ववत्... यह कहा—

''आवुसो भिक्खवे'' ति। ''आवुसो'' ति खो ते भिक्खू आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स पच्चस्सोसुं। आयस्मा महामोग्गल्लानो एतदवोच—

२. ''इधावुसो, भिक्खु अञ्ञं ब्याकरोति—'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं [R.156] करणीयं, नापरं इत्थत्ताया ति पजानामी' ति। तमेनं तथागतो वा तथागतसावको वा झायी समापत्तिकुसलो परचित्तकुसलो परचित्तपरियायकुसलो समनुयुञ्जति समनुग्गाहति समनुभासति। सो तथागतेन वा तथागतसावकेन वा झायिना समापत्तिकुसलेन परचित्त-कुसलेन परचित्तपरियायकुसलेन समनुयुञ्जियमानो समनुग्गाहियमानो समनुभासियमानो इरीणं आपज्जति विचिनं आपज्जति अनयं आपज्जति ब्यसनं आपज्जति अनयब्यसनं आपज्जति।

३. ''तमेनं तथागतो वा तथागतसावको वा झायी समापत्तिकुसलो परचित्तकुसलो परचित्तपरियायकुसलो एवं चेतसा चेतो परिच्च मनसि करोति—'किं नु खो अयमायस्मा [N.224] अञ्ञं ब्याकरोति—खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया ति पजानामी' ति ?

४. ''तमेनं तथागतो वा तथागतसावको वा झायी समापत्तिकुसलो परचित्तकुसलो [B.381] परचित्तपरियायकुसलो एवं चेतसा चेतो परिच्च पजानाति—'कोधनो खो अयमा-यस्मा; कोधपरियुट्ठितेन चेतसा बहुलं विहरति। कोधपरियुट्ठानं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं।

...'उपनाही खो पन अयमायस्मा; उपनाहपरियुट्ठितेन चेतसा बहुलं विहरति। उपनाह-परियुट्ठानं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं।

---

२. ''यहाँ, आयुष्मानो ! कोई भिक्षु अपने ज्ञान का यों व्याख्यान करें—'मेरी भवपरम्परा क्षीण हो चुकी है, मेरी धर्मसाधना पूर्ण हो चुकी है, मेरा अब कोई कर्त्तव्य शेष नहीं है, अब मैं वर्तमान अवस्था पुन: प्राप्त नहीं करूँगा।' उसके इस ज्ञान की परीक्षा हेतु ध्यानी, साधनाकुशल, परचित्तकुशल, परचित्तज्ञानकुशल तथागत या तथागत का कोई शिष्य उससे प्रश्नोत्तर करता है, संवाद करता है, उसके कथन की वास्तविकता का परीक्षा करता है। तथागत या तथागत के शिष्य द्वारा इस प्रकार परीक्षित वह भिक्षु कष्ट में पड़ जाता है, समालोचित होता है, सचाई पर पहुँचा दिया जाता है, सङ्कट में पड़ जाता है तथा अनय एवं व्यसन को प्राप्त होता है।

३. ''तब ध्यानी साधनाकुशल एवं परचित्तज्ञानकुशल तथागत या तथागत का कोई शिष्य स्वचित्त से उस भिक्षु का चित्त जानकर यह मन में चिन्तन करता है—'क्या यह भिक्षु अपने जिस (उपर्युक्त) ज्ञान का इस प्रकार व्याख्यान कर रहा है, वह उचित है' ?

४. ''तब ...पूर्ववत्... उसके विषय में यह निश्चय करता है—'यह आयुष्मान् **क्रोधी** है, क्रोधयुक्त चित्त से प्राय: साधना करता है; परन्तु इस प्रकार क्रोधयुक्त कर्म करना तथागत के धर्मविनय में हानि कहलाता है। (१)

'यह आयुष्मान् **उपनाही** (द्वेषचित्त) है ...पूर्ववत्... । (२)

...'मक्खी खो पन अयमायस्मा; मक्खपरियुट्ठितेन चेतसा बहुलं विहरति। मक्खपरियुट्ठानं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं।

...'पळासी खो पन अयमायस्मा; पळासपरियुट्ठितेन चेतसा बहुलं विहरति। पळास-परियुट्ठानं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं।

...'इस्सुकी खो पन अयमायस्मा; इस्सापरियुट्ठितेन चेतसा बहुलं विहरति। इस्सापरियुट्ठानं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं।

...'मच्छरी खो पन अयमायस्मा; मच्छेरपरियुट्ठितेन चेतसा बहुलं विहरति। मच्छेरपरियुट्ठानं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं। [R.157]

...'सठो खो पन अयमायस्मा; साठेय्यपरियुट्ठितेन चेतसा बहुलं विहरति। साठेय्यपरियुट्ठानं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं।

...'मायावी खो पन अयमायस्मा; मायापरियुट्ठितेन चेतसा बहुलं विहरति। मायापरियुट्ठानं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं।

...'पापिच्छो खो पन अयमायस्मा; इच्छापरियुट्ठितेन चेतसा बहुलं विहरति। इच्छापरियुट्ठानं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं। [N.225]

...'सति खो पन अयमायस्मा उत्तरि करणीये ओरमत्तकेन विसेसाधिगमेन [B.382] अन्तरा वोसानं आपन्नो। अन्तरा वोसानगमनं खो पन तथागतप्पवेदिते धम्मविनये परिहानमेतं'।

५. ''सो वतावुसो, भिक्खु 'इमे दस धम्मे अप्पहाय इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति नेतं ठानं विज्जति। सो वतावुसो, भिक्खु 'इमे दस धम्मे पहाय इमस्मिं धम्मविनये वुद्धिं विरूळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सती' ति ठानमेतं विज्जती'' ति॥

'यह आयुष्मान् **म्रक्षी** (दूसरे की उन्नति से चिढ़ने वाला) है ...पूर्ववत्...। (३)

'यह आयुष्मान् **प्रदाशी** (दूसरे के गुणों से जलन करने वाला) है ...पूर्ववत्...। (४)

'यह आयुष्मान् **ईर्ष्यालु** है ...पूर्ववत्...। (५)

'यह आयुष्मान् **मत्सरी** (मिथ्याभिमानी) है ...पूर्ववत्...। (६)

'यह आयुष्मान् **शठ** (दुष्ट) है ...पूर्ववत्...। (७)

'यह आयुष्मान् **मायावी** (धूर्त) है ...पूर्ववत्...। (८)

'यह आयुष्मान् **पापेच्छुक** है ...पूर्ववत्...। (९)

'यह आयुष्मान् साधना के प्रत्येक क्रम के मध्य में व्यवधान रखता हुआ ही आगे साधना आरम्भ करता आया है। साधना में यह व्यवधान रखना इस धर्मविनय में हानि माना गया है। (१०)

५. ''इस प्रकार, आयुष्मानो! वह भिक्षु साधना में इन दश धर्मों को छोड़े विना इस धर्मविनय में वृद्धि एवं उन्नति प्राप्त कर सकेगा—यह सम्भव नहीं है। अपितु इसके विपरीत, वह भिक्षु इन दश धर्मों को छोड़कर इस धर्मविनय में वृद्धि एवं उन्नति प्राप्त कर सकेगा—यही सम्भव है॥''

५. कत्थीसुत्तं : १. एकं समयं आयस्मा महाचुन्दो चेतीसु विहरति सहजातियं। तत्र खो आयस्मा महाचुन्दो भिक्खू आमन्तेसि—"आवुसो भिक्खवे" ति। "आवुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो महाचुन्दस्स पच्चस्सोसुं। आयस्मा महाचुन्दो एतदवोच—

